हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 25.9 डिग्री



10 मुख्यमंत्री साय ने दिखाई 370 नई एंबुलेंस को हरी झंडी



12 बदली परंपरा, अब महिलाएं भी घर-घर जाकर ...

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब का जखीरा मुख्य सरगना गिरफ्तार

**रायपुर।** शहर के गंजपारा स्थित प्रभात टॉकीज के पीछे भट्ठी क्षेत्र में अवैध देशी मसाला शराब का बड़ा जखीरा पकड़ा गया था। इसमें 42.840 बल्क लीटर अवैध शराब (238 पौवा) एवं नकद 3 लाख 40 हजार 220 रुपए जब्त किया था। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साहू, गोपाल दास मानिकपुरी, राजेश नागेश, दीप पाल सागर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, वहीं मुख्य सरगना दीपक मुदलियार फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम एवं 112(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### पौने दो लाख का गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** एएनटीएफ और मंदिर हसौद पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए सेरीखेड़ी स्थित ओवरब्रिज के पास बादल नेताम निवासी सेरीखेड़ी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 1.613 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 72 हजार रुपए है। आरोपी बोरी में भरकर गांजा ले जा रहा था। उसके विरुद्ध धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### गांजा-बटनदार चाकू के साथ 2 गिरफ्तार

**रायपुर।** एसीसीयू और विधानसभा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से गांजा और बटनदार चाकू जब्त किया गया है। ग्राम छपोरा स्थित छपोरा पुलिया के पास दोपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति गांजा बिक्री के लिए रखे हुए थे। सूचना पर दोनों को पकड़ा गया। आरोपियों में एक का नाम हिमांशु वर्मा उर्फ करण उर्फ टोब्बेल तथा दूसरा कोमल वर्मा उर्फ फिरंगी नरदहा विधानसभा के निवासी है। उनके पास एक थैले में 2 बटनदार चाकू तथा 03.070 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के विरुद्ध धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पत्नी ने फांसी लगाई फरार पति गिरफ्तार

**रायपुर।** एक नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में फरार पति को गुढ़ियारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी जितेंद्र सिंह परिहार निवासी रामनगर रायपुर मूलतः ग्राम पुरा भेदरवा थाना पण्डोखर जिला दतिया मध्यप्रदेश का रहने वाला है। जितेंद्र की पत्नी ने 1 नवंबर 2025 को रायपुर स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि उसका पति दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया करता था। इससे पहले पुलिस उसे गिरफ्तार करती, वह फरार हो गया। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# जगदलपुर-रायपुर की उड़ान बड़ी चुनौती, पहले सफर में ही रही यात्रियों की संख्या आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछली बार की तरह इस बार भी जगदलपुर-रायपुर के बीच फ्लाइट का संचालन एयरलाइंस कंपनी के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। मंगलवार को पहली उड़ान के दौरान जगदलपुर से आने वाले यात्रियों की संख्या दस भी नहीं रही। वहीं वापसी की फ्लाइट में आधा दर्जन यात्री भी सवार नहीं हुए। यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी और इसकी शुरुआत हैदराबाद से होगी। दो साल ब्रेक के बाद हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर फ्लाइट वापस ट्रेक पर आई है। 31 मार्च मंगलवार को उसकी पहली उड़ान संचालित हुई। अलायंस एयर की एटीआर-72 अपने निर्धारित समय पर रायपुर में लैंड हुई और वापसी के दौरान 36 मिनट लेट से टेकऑफ हुई। सूत्रों के अनुसार इस फ्लाइट में जगदलपुर से रायपुर आने के लिए दस से कम यात्री सवार हुए थे, वहीं वापसी के दौरान पैसेंजरों की संख्या और नगण्य थी। क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत संचालित होने वाली फ्लाइट की सबसे बड़ी चुनौती यात्रियों की कम संख्या होती है। इस फ्लाइट के नियमित संचालन में भी इसी तरह की समस्या सामने आ सकती है। अधिकारिक सूत्रों का तर्क है कि अभी परीक्षाओं का सीजन चल रहा है, इसलिए यात्रियों की संख्या कम है। आने वाले दिनों में जब गर्मियों की छुट्टी होगी, तो यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा। यह फ्लाइट अभी सप्ताह में तीन दिन मंगल, गुरु और शनिवार को संचालित होगी। एयर लाइंस कंपनी पहले भी इस सेक्टर में विमान उड़ा चुकी है।

## आने वाले दस से कम, जाने वाले यात्री आधा दर्जन भी नहीं




### क्षेत्रीय उड़ान में तीन शहर

अभी क्षेत्रीय उड़ान योजना में रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से तीन शहर जगदलपुर, अंबिकापुर और मध्यप्रदेश का रीवा कनेक्ट हुए हैं। इन शहरों से अलग-अलग शेड्यूल में फ्लाइट आवाजाही करती है। कुछ समय पहले ओडिशा के उत्केला से भी रायपुर को एयर कनेक्टिविटी दी गई थी। यात्रियों से बेहतर रिस्पांस नहीं मिलने की वजह से इसका संचालन काफी समय से स्थगित कर दिया गया है।

# जमानत मिलने पर 'प्रोफेसर' गैंग के युवक, युवती ने दिल्ली में बैठकर खड़ा किया ड्रग का नया नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हरिभूमि की खबर पर मुहर, एक दिन पहले ही ड्रग नेटवर्क में प्रोफेसर गैंग के शामिल होने का किया था खुलासा
- कुरियर कंपनी से पुलिस ने जब्त किया है 40 ग्राम एमडीएमए

कुरियर से ड्रग मंगाकर रैपिडो के माध्यम से ड्रग आपूर्ति करने वाले जिस रैकेट के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है, उस रैकेट के सरगना पूर्व में ड्रग के साथ पकड़ी गई युवती कुसुम हिंदूजा तथा महेश सिंह खड़का हैं। इन दोनों के साथ दो अन्य को रायपुर न्यायालय ने पिछले वर्ष मई में ड्रग तस्करी करने के आरोप में पांच-पांच वर्ष कैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई थी। दोनों आरोपियों ने अपनी सजा को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने दोनों आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया था। जमानत मिलने पर कुसुम तथा महेश दिल्ली शिफ्ट हो गए और ड्रग नेटवर्क खड़ा कर नए सिरे से ड्रग खपाने का काम कर रहे थे। ▶▶|शेष पेज 11 पर

### लॉजिस्टिक गोदाम से 40 ग्राम एमडीएमए जब्त

ड्रग तस्करों के कब्जे से पुलिस ने जो 48.03 ग्राम एमडीएमए तथा पार्टी पिल्स की आठ टेबलेट जब्त की है, उसमें से 40 ग्राम एमडीएमए पुलिस ने कबीर नगर स्थित गुमा की एक कुरियर कंपनी की लॉजिस्टिक गोदाम से जब्त किया है। पुलिस ने कबीर नगर थाना क्षेत्र से जब्त ड्रग के बारे में अलग से खुलासा नहीं किया है। साथ ही कितने लोगों की गिरफ्तारी की गई है, पुलिस ने उस संबंध में अधिकृत तौर पर कुछ भी पुष्टि नहीं की है।



### ड्रग खपाने इनकी भूमिका ऐसे रही

- महेश, कुसुम– दोनों ड्रग नेटवर्क के मास्टर माइंड थे, इसके साथ ही डिलिवरी नेटवर्क मैनेज करते थे
- कुणाल मंगतानी – कोरियर से ड्रग्स रिसीव करने वाला
- सौरभ यादव, शुभम राठौर एवं सौरभ डोंगरे – ड्रग्स को ग्राहकों तक पहुंचाने वाले रैपिडो राइडर हैं

### पहली बार पार्टी पिल्स की जब्ती

पुलिस ने सिंथेटिक ड्रग में एमडीएमए, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक पदार्थ पहले भी जब्त किया है। पार्टी पिल्स जैसे सिंथेटिक ड्रग का टेबलेट पुलिस ने पहली बार जब्त किया है। पार्टी पिल्स का इस्तेमाल क्लब तथा अन्य पार्टियों में होता है। पार्टी पिल्स कलरफुल होता है। ड्रग को टेबलेट की शक्ल में तैयार किया जाता है।

### रैकेट में एक दर्जन से ज्यादा

प्रारंभिक पड़ताल करने के बाद पुलिस ने जिन आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनसे पूछताछ में कई और लोगों के ड्रग नेटवर्क में शामिल होने की पुलिस को जानकारी मिली है। इनमें रायपुर के अलावा दिल्ली के ड्रग पैडलर शामिल हैं।

### नाइजीरियन से मिलता था ड्रग

कुसुम तथा महेश को दिल्ली में नाइजीरियन ड्रग पैडलर से ड्रग मिलता था। बतया जा रहा है, रायपुर में महीने में तीन से चार बार ड्रग की आपूर्ति की जाती थी। एक बार में 40 से 50 ग्राम के करीब एमडीएमए भेजा जाता था। इस तरह से रायपुर में हर माह औसतन डेढ़ से दो सौ ग्राम एमडीएमए की खेप पहुंचती थी।

### जेल से छूटने के बाद खड़ा किया नेटवर्क

कुसुम तथा महेश को हाईकोर्ट से नवंबर में जमानत मिली है। जमानत मिलने के बाद महेश, कुसुम को अपने साथ दिल्ली ले गया। महेश ने कुसुम के रहने के लिए दिल्ली में व्यवस्था की। इसके बाद दोनों ने कुणाल को अपने साथ जोड़ा। कुणाल ने रैपिडो बाइकर्स शुभम, सौरभ यादव तथा सौरभ डोंगरे को अपने साथ जोड़ा। रैपिडो बाइकर्स को प्रत्येक डिलीवरी के बदले पांच सौ रुपए दिया जाता था।

## राजीव भवन के एकाउंटेंट सहित चार को ईओडब्ल्यू का समन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इओडब्ल्यू ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के चार कर्मचारियों को पूछताछ के लिए तलब किया है। ब्यूरो ने शिशुपाल साहू, सोहन, गजेंद्र यादव और रूपेद्र को समन जारी किया है। ईओडब्ल्यू ने कांग्रेस कार्यालय के एकाउंटेंट को लंबे समय की फरारी के बाद गिरफ्तार किया था। ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार जारी किए गए समन में पार्टी के बैंक खाते के तीन चार वर्षों की पूरी जानकारी मांगी गई है। बैंक खाते का पूरा विवरण मिलने पर फंड के स्रोत और उसके उपयोग की जानकारी खंगाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल पिछले 4 सालों से फरार हैं। उनके संबंध में पूरी जानकारी लेखों की जांच से पता चलेगी।

## अमित जोगी को अंतरिम राहत, 50-50 हजार रुपए के बांड-पट्टे पर मिली जमानत

- जग्गी हत्याकांड मामले में निचली अदालत में जमानत अर्जी मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को बहुचर्चित एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी हत्याकांड के मामले में निचली अदालत से अंतरित राहत मिली है। अदालत ने जमानत अर्जी को मंजूर करते हुए उन्हें 50-50 हजार रुपये के बांड और जमानत के पट्टे पर जमानत दी है। हालांकि इसके बाद भी अमित जोगी की मुश्किलें खत्म नहीं हुई हैं, क्योंकि इस मामले में बुधवार को हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई होनी है। इस सुनवाई के बाद यह निश्चित हो पाएगा कि जोगी को मिली राहत बरकरार रह पाती है या नहीं।

मिली जानकारी के मुताबिक जग्गी हत्याकांड मामले में न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान आवश्यक शर्तें पूरी करने के बाद अमित जोगी को अंदालत ने अंतरिम ▶▶|शेष पेज 11 पर



### हाईकोर्ट में सुनवाई आज

इस बहुचर्चित मामले में बुधवार को हाइकोर्ट में अंतिम सुनवाई होनी है। इस सुनवाई को लेकर राजनीतिक और कानूनी दोनों ही स्तरों पर काफी हलचल है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार हाईकोर्ट का फैसला इस पूरे प्रकरण में निर्णायक साबित हो सकता है। यही नहीं, अमित जोगी के लिए हाईकोर्ट का फैसला बहुत अहम है, क्योंकि ▶▶|शेष पेज 11 पर

## मौसम बदलते ही तापमान में 4 डिग्री की गिरावट, तेज गर्मी से मिली राहत, अप्रैल की शुरुआत ऐसे ही

- मार्च में राजधानी का सर्वाधिक पारा 40 .5, पिछले साल 40 .8 तक गया
- मौसमी तंत्रिका सक्रिय होने से अप्रैल के पहले सप्ताह में कम गर्मी के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ सहित अन्य सिस्टम के असर से मौसम बदलते ही सोमवार को 40 डिग्री के पार हो चुका शहर का तापमान 36 डिग्री तक उतर आया। चौबीस घंटे में तापमान में चार डिग्री की गिरावट के कारण तेज गर्मी से राहत मिली। इस बार मार्च में शहर का सर्वाधिक तापमान 40.5 तक पहुंचा, जो पिछली बार 40.8 तक दर्ज किया गया था। मौसम तंत्रिका के सक्रिय होने की वजह से अप्रैल का पहला सप्ताह भी राहत भरा रहने की उम्मीद है। मार्च में होली के बाद गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया था, इस दौरान आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उतार-चढ़ाव ▶▶|शेष पेज 11 पर

### इस तरह सिस्टम

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 4 अप्रैल से प्रदेश के लगभग सभी संभागों के जिलों में वर्षा की गतिविधि बढ़ने का अनुमान है। इससे 5 अप्रैल से मौसम सुहावना हो सकता है। अभी विभिन्न स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के रूप में चार चक्रीय चक्रवाती घेरा, एक द्रोणिका मौजूद है। इसके असर से बुधवार एक अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है।






## सीबीएसई ने इस वसूली को बताया नियमविरुद्ध, कार्रवाई की तैयारी

# 10वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए नहीं देनी होगी ट्यूशन फीस, केवल परीक्षा शुल्क का भुगतान करेंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कई स्कूलों द्वारा तीन माह की ट्यूशन फीस वसूलने की शिकायत आई थी सामने

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने कक्षा 10वीं के सेकेंड बोर्ड एग्जाम के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने सभी स्कूलों से साफ कहा है कि वे छात्रों से किसी भी तरह की अतिरिक्त या अनधिकृत फीस न लें। यह निर्देश तब जारी किया गया, जब सीबीएसई को जानकारी मिली कि कुछ स्कूल सेकेंड बोर्ड परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा करते समय छात्रों से तीन महीने की ट्यूशन फीस तक मांग रहे हैं। सीबीएसई ने इस तरह की वसूली को नियमों के खिलाफ बताया है। बोर्ड के अनुसार, एनओसी फॉर्म भरते समय छात्रों से केवल परीक्षा शुल्क ही लिया जा सकता है। इसके अलावा किसी भी तरह की फीस लेना पूरी तरह से गलत है। सीबीएसई कक्षा 10वीं की सेकेंड बोर्ड परीक्षा मई 2026 में आयोजित करेगा।



### स्कूलों को दिए सख्त निर्देश

सीबीएसई ने अपने आधिकारिक नोटिफिकेशन में कहा है कि सभी स्कूल बोर्ड के नियमों का सख्ती से पालन करें और किसी भी गलत गतिविधि को तुरंत बंद करें। अगर कोई स्कूल इन निर्देशों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एलओसी फॉर्म जमा करने की पूरी ▶▶|शेष पेज 11 पर

### शुरुआती चरण में कोई राशि नहीं

सीबीएसई के अनुसार, द्वितीय बोर्ड परीक्षा उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है, जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इस परीक्षा में छात्र अधिकतम तीन विषयों में दोबारा परीक्षा देकर अपने नंबर बेहतर कर सकते हैं। सीबीएसई ने एलओसी फॉर्म भरने की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया है। बोर्ड के अनुसार, यह प्रक्रिया तीन चरणों (फेज) में पूरी की जाएगी। पहले चरण में केवल एलओसी फॉर्म भरा जाएगा। इस समय किसी भी तरह की फीस नहीं देनी होगी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

## नए वित्तीय वर्ष से बदल रहे कई नियम, टोल टैक्स 5 प्रतिशत बढ़ा, शराब महंगी

# राशन, श्रम कानून, यूपीआई से भुगतान के बदलेंगे नियम, आम आदमी की जेब पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

*छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कई नियम बदल जाएंगे। वैसे तो हर महीने की पहली तारीख को कई वित्तीय बदलाव देखने को मिलता है, लेकिन अप्रैल के महीने में कुछ खास और बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अप्रैल में तीन माह का राशन एक साथ मिलेगा, 44 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 लेबर कोड लागू किया जा रहा, यूपीआई ट्रांजेक्शन के तहत सुरक्षा को लेकर नया नियम लागू होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 1 अप्रैल बड़ा बदलाव लेकर आ रहा है। केंद्र सरकार के नए श्रम कानून कल से पूरे देश में लागू हो जाएंगे। ये बदलाव केवल कागजी नहीं हैं, बल्कि इनका सीधा असर कर्मचारियों की टेक-होम सैलेरी, पीएफ कंट्रीब्यूशन, काम के घंटे और अधिकारों पर पड़ेगा। सरकार 44 श्रम कानूनों को खत्म कर अब 4 लेबर कोड लागू कर रही है। नए श्रम कोड के तहत काम के मानक घंटे पहले की तरह 8 घंटे प्रतिदिन और 48 घंटे साप्ताहिक रहेंगे, लेकिन इनमें काम के तरीकों को अधिक लचीला बनाया गया है। कंपनियां कर्मचारियों को फ्लेसिबल वर्किंग कल्चर दे सकेंगी। इसके अलावा साप्ताहिक काम के घंटों के प्रबंधन के आधार पर ज्यादा ओवरटाइम भी मिल सकेगा।*

### टोल प्लाजा में नकद भुगतान समाप्त

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण 1 अप्रैल से टोल प्लाजा पर नकद भुगतान की व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त करने जा रहा है। अब टोल प्लाजा से गुजरने वाले हर वाहन को केवल डिजिटल माध्यम से ही भुगतान करना होगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य टोल संग्रह में पारदर्शिता लाना, यातायात को सुगम बनाना और यात्रियों के समय की बचत करना है। वहीं केंद्र सरकार ने पूरे देश में टोल टैक्स में पांच प्रतिशत की वृद्धि की है, जो 1 अप्रैल से लागू होगी।

### नई सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से नई सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी लागू होने जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अहम कदम साबित होगी। नीति के तहत किसी भी शादी, पार्टी या अन्य आयोजन में 100 से अधिक मेहमानों के शामिल होने पर आयोजकों को तीन दिन पहले स्थानीय नगर निगम को सूचना देना अनिवार्य होगा। इस पॉलिसी में सबसे कड़ा प्रावधान ऑन द स्पॉट फाइन का है। नए नियमों के अनुसार, कचरे को गलत तरीके से फेंकने या सूचना न देने पर जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना की राशि 500 रुपये से लेकर 50,000 रुपये तक हो सकती है।

### अप्रैल में मिलेगा 3 महीने का राशन

मिली जानकारी के मुताबिक, अब अप्रैल में ही तीन माह अप्रैल, मई और जून का चावल एक साथ वितरित किया जाएगा। दरअसल, पिछले कुछ समय से तकनीकी खामियों और सर्वर की समस्याओं के कारण राशन वितरण प्रभावित हो रहा था। साथ ही गोदामों में स्टॉक की कमी ने भी स्थिति को जटिल बना दिया था। फरवरी और मार्च में भी वितरण को सुचारू रखने के लिए अस्थायी उपाय किए गए, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं हो सका।

### आज से शराब के दाम में बदलाव

1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ में प्रीमियम शराब की कीमतें 3000 रुपए तक महंगी होंगी। वहीं बियर में 100 रुपए ज्यादा देने होंगे। राज्य की नई आबकारी नीति में बदलाव से शराब की दरें बढ़ने वाली हैं। देशी शराब की कीमतों में कोई अंतर नहीं आया है। बताया जाता है कि लागत को देखकर सामग्री का रेट बढ़ता है, ऐसे में नई आबकारी नीति में बदलाव दिखेगा।

### यूपीआई ट्रांजेक्शन में नया नियम

इन सबके अलावा डिजिटल पेमेंट को लेकर आरबीआई ने 1 अप्रैल से सुरक्षा को लेकर नया रूल लागू करने का निर्णय लिया है। यानी अब दो परतों पर सुरक्षा होगी। पहले की तरह सिर्फ ओटीपी से काम नहीं चलेगा। नियम के लागू करने के पीछे सरकार का मकसद है कि फ्रॉड को रोका जाए, ताकि डिजिटल पेमेंट ज्यादा सुरक्षित रहे।

---

**खबर संक्षेप**

### नक्सलवाद समाप्ति के दावे पर कांग्रेस के 10 सवाल



झीरम हत्याकांड के आरोपियों को सजा मिलेगी या उनको भी सरकार ने माफ कर दिया : सुशील

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च तक प्रदेश और देश से नक्सलवाद समाप्ति की घोषणा की थी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने सरकार से सवाल पूछा कि 31 मार्च बीत गया, क्या साय सरकार इस बात की अधिकारिक घोषणा करेगी कि प्रदेश से नक्सलवाद पूर्णतः समाप्त हो चुका है। अब प्रदेश का कोई भी इलाका नक्सल प्रभावित नहीं है? सरकार इसकी गारंटी लेगी, प्रदेश नक्सल के नाम से हो रही हिंसा से मुक्त हो चुका है? अब प्रदेश में कोई नक्सल हिंसा नहीं होगी? उन्होंने सवाल उठाया कि नक्सलवाद समाप्ति के लिए सरकार ने क्या पैमाना माना था और उनमें से कितने पूरे हो चुके हैं? प्रदेश की जनता जानना चाहती है। अब बस्तर में किसी निर्दोष का खून नहीं बहेगा? अब बस्तर का आम आदिवासी मारा नहीं जाएगा? यदि नक्सलवाद समाप्त हो गया है, तो राज्य सरकार ने अभी तक बस्तर से कितने सुरक्षाबलों के कैंप हटाना शुरू किया? कितने सुरक्षा बलों की बटालियन की बस्तर से वापसी करना शुरू किया गया?

---

## छह साल बाद 108 सेवा की संचालन एजेंसी बदली, जेएईएस के बजाए जीवीके को जिम्मेदारी

# मुख्यमंत्री साय ने दिखाई 370 नई एंबुलेंस को हरी झंडी मदद के लिए 15 से 30 मिनट में पहुंचेगी मरीजों तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 370 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाई। यह एंबुलेंस शहरी इलाके में 15 मिनट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधे घंटे के भीतर मदद के लिए पहुंचेगी। एंबुलेंस के काफिले में 3 सौ बेसिक लाइफ सपोर्ट, 5 नियोनेटल के साथ 70 एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली गाड़ियों को शामिल किया गया है। राज्य में पिछले छह साल से इस सेवा का संचालन जय अंबे इमरजेंसी सर्विस करती रही, अब अगले पांच वर्षों के लिए काम जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस को दिया गया है। नया रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक पर मुख्यमंत्री ने इन एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों में लगातार बढ़ा है। उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण एवं उन्नयन के कारण अब लोगों को छोटे-छोटे इलाज के लिए दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ रहा है। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाए, ताकि हर जरूरतमंद मरीज तक समय पर स्वास्थ्य सहायता पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने पहली बार शुरू की गई 5 नियोनेटल एएलएस एंबुलेंस सेवा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नवजात शिशुओं के जीवन की सुरक्षा के प्रति सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम में विधायक मोती लाल साहू, इंद्र कुमार साहू, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संजीव झा, एमडी एनएचएम रणबीर शर्मा, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा रितेश अग्रवाल मौजूद थे।

### 300 बीएलएस, 5 नियोनेटल के साथ 70 एएलएस गाड़ियों से एंबुलेंस सेवा होगी मजबूत





### नियोनेटल एंबुलेंस वाला दूसरा राज्य : जायसवाल



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिहाज से आज का दिन राज्य के लिए ऐतिहासिक है। छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहां नियोनेटल एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि एंबुलेंस सेवा में किसी भी प्रकार की देर या कमी की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए विशेष मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है और आने वाले समय में इसमें और तेजी देखने को मिलेगी।

### बीएलएस और एएलएस में सुविधा

बीएलएस और एएलएस एंबुलेंस में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

### इन संसाधनों से लैस नियोनेटल एंबुलेंस

नियोनेटल एंबुलेंस सेवा को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इनमें प्रशिक्षित नवजात इमरजेंसी तकनीशियन, 24 इनटू 7 ईएमटी एवं पायलट की उपलब्धता के साथ विशेषज्ञ चिकित्सक का ऑनलाइन मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया है। इसमें इंक्यूबेटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सिरिंज पंप, नेब्युलाइजर, सक्शन मशीन, पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्ट एवं 41 प्रकार की आपातकालीन दवाओं सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं जो इसे "चलते-फिरते नवजात आईसीयू" के रूप में स्थापित करती हैं।

---

# रमन राज में नक्सलवाद 3 ब्लॉक से 14 जिलों तक पहुंच गया था

**भूपेश सरकार के समय नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत कमी आई थी : बैज**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



भाजपा द्वारा नक्सल मामले में अपनी पीठ थपथपाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद भाजपा के रमन सरकार के समय पूरे प्रदेश फैला, जब राज्य में 2003 में भाजपा की सरकार बनी, तब नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉकों तक ही सीमित था।

रमन राज के 15 सालों में नक्सलवाद बस्तर के तीन ब्लॉकों से निकलकर 14 जिलों तक पहुंच गया। इन 15 सालों के अंत के 4 साल तक केंद्र में नरेन्द्र मोदी की भी सरकार बन चुकी थी। राज्य में नक्सलवाद की जिम्मेदार भाजपा की फासीवादी सोच और नीतियां हैं। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकारों में कलेक्टर तक सुरक्षित नहीं थे अपहरण का शिकार हुए, एसपी की शहादत हुई थी और तत्कालीन भाजपा के मुख्यमंत्री अपने नक्सल सलाहकार से कहा करते थे वेतन लो और मौज करो, ये इनकी नीति है।

### कांग्रेस सरकार के समय नक्सल गतिविधियों में 80 प्रतिशत की कमी

उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार में प्रदेश में नक्सलवादी गतिविधियों में 80 प्रतिशत की कमी हुई थी। नक्सलियों के बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई है, एनकाउंटर हुआ है, तब नक्सली छत्तीसगढ़ छोड़कर भाग गये थे। वर्ष 2008 से लेकर 2018 तक के आंकड़ों को यदि देखा जाए तो इस दौरान राज्य में नक्सली हर साल 500 से लेकर 600 हिंसक घटनाओं को अंजाम देते थे।

### केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते नक्सलमुक्त हुआ : सिंहदेव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, केन्द्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते आज भारत नक्सलमुक्त भारत हुआ है। नक्सल मुक्त बस्तर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह एवं प्रदेश सरकार ने लगातार प्रयास किया, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों में जागरूकता लाई एवं माओवादियों को मुख्यधारा में लाने के लिए पुनर्वास जैसी महत्वपूर्ण नीति भी लाई। इससे प्रभावित होकर नक्सली मुख्यधारा में लौटे। केन्द्र सरकार के कार्यों एवं प्रदेश की साय सरकार की नीतियों से प्रभावित हुए। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के अथक प्रयास से आज छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हुआ है।



## खबर संक्षेप

### दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष पिता-पुत्र समेत कई घायल

**अभनपुर।** ग्राम बेलर में बीते सोमवार की रात करीब 8 बजे दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटना सामने आई है। मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले पक्ष के प्रार्थी जितेन्द्र निर्मलकर के अनुसार, गांव के हिरामन यदु, राहुल रिगरी, गंगाधर साहू और खिलेन्द्र यादव उनके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाकर बाहर बुलाया। बाहर आने पर सभी ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उनके पिता घनाराम निर्मलकर के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इस घटना में जितेन्द्र को कान, कमर और सीने में चोट आई, जबकि उनके पिता के सिर में चोट लगी। वहीं दूसरे पक्ष के प्रार्थी हिरामन यदु ने अपनी शिकायत में बताया कि घटना के समय वे नया बाजार चौक में अपने साथियों के साथ थे। इसी दौरान जितेन्द्र निर्मलकर वहां पहुंचे और बिना वजह गाली-गलौच करने लगे। मना करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी देते हुए पास पड़ी ईंट उठाकर उनके कान पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। अभनपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फील्ड ट्रेनर्स ने सीखी जनगणना की बुनियादी बातें

**अभनपुर।** जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत रायपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभागार में आयोजित तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अभनपुर के फील्ड ट्रेनर्स की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा घरों की पहचान, परिवार विवरण संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग एवं डेटा की शुद्धता पर प्रशिक्षण दिया गया। अभनपुर के फील्ड ट्रेनर हेमन्त कुमार साहू ने रोलप्ले के माध्यम से प्रगणक की भूमिका का प्रभावी प्रदर्शन किया, जो प्रशिक्षण का आकर्षण रहा। वहीं अधिकारियों ने बताया कि जनगणना की सफलता फील्ड स्तर के कर्मचारियों की दक्षता पर निर्भर करती है।सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए जनगणना 2027 को जिम्मेदारीपूर्वक सफल बनाने का संकल्प लिया।

# गांवों का सुदृढ़ीकरण ही प्रदेश की प्रगति का आधार है : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

## विधायक ने निमोरा को दी 2.50 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम निमोरा में विकास की नई इबारत लिखी गई है। क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में 2 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने ग्राम की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए कई नई घोषणाएं भी कीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तेली तालाब से ग्रामीण संस्थान तक बनने वाली सड़क रही। विधायक ने इसके लिए 160 लाख (1.60 करोड़) रुपये की भारी-भरकम राशि स्वीकृत की है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसे मूलभूत कार्यों के लिए बजट की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। कार्यक्रम में सूरज साहू, लुकेश साहू, प्रेमलाल साहू, दौलत राम साहू, चिंताराम साहू और रामचंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इन विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया।

**शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर जोर :** विधायक श्री साहू ने ग्राम निमोरा के लिए लगभग 31 लाख रुपये के नए कार्यों को हरी झंडी दिखाई, जिनमें शामिल हैं। सीसी रोड निर्माण 9.28 लाख रुपए। खुले नाली में ढक्कन सहित नाली निर्माण (5.79 लाख) और शाला में अतिरिक्त निर्माण कार्य (10 लाख)। पूर्व माध्यमिक शाला के शेड के नीचे पेवर ब्लॉक (4 लाख) तथा हाई स्कूल में रंगमंच सह पेवर ब्लॉक निर्माण (6 लाख)।



### सामुदायिक भवनों और आंगनबाड़ियों का कायाकल्प

ग्राम के सामाजिक और शैक्षणिक विकास को गति देते हुए विधायक ने पूर्व में पूर्ण हो चुके कार्यों का जनता को समर्पण किया। आंगनबाड़ी भवन-1 का निर्माण (11.79 लाख), आंगनबाड़ी-2 की मरम्मत (2 लाख) और आंगनबाड़ी-4 का जीर्णोद्धार (1.50 लाख)। 23 लाख रुपये की लागत से निर्मित महतारी सदन का लोकार्पण। विभिन्न समाज के लिए भवनों का निर्माण यादव समाज (5 लाख), ढीमर समाज (5 लाख) और ध्रुव समाज (4 लाख)। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू एवं सभापति चंचल राजा दीवान उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभापति हेमलता चन्द्राकर, जनपद सदस्य सरिता साहू, मंडल अध्यक्ष भरत बैस और सरपंच अरुण साहू सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## महोत्सव : कुंवरगढ़ महोत्सव में मुख्यमंत्री ने कहा- अब कुंरा कहलाएगा कुंवरगढ़

# शौर्य और संस्कारों की भूमि कुंवरगढ़ : विष्णु देव साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

लोक संस्कृति, आस्था और शौर्य की गौरवशाली भूमि कुँवरगढ़ (कुंरा) उस समय हर्षोल्लास और जयघोष से गूंज उठी, जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए नगर पंचायत 'कुंरा' का नाम बदलकर 'कुँवरगढ़' करने की ऐतिहासिक घोषणा की। कुँवरगढ़ महोत्सव के गरिमामय मंच से मुख्यमंत्री ने न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को पुनर्स्थापित किया, बल्कि धरसींवा विधानसभा और कुंरा नगर पंचायत के लिए विकास कार्यों का पिटारा खोलते हुए कुल 136 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया व धरसींवा में 73 लाख की लागत से बने तहसील कार्यालय का लोकार्पण हुवा, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए कुँवरगढ़ महोत्सव को अब हर वर्ष शासकीय स्तर पर भव्य रूप से आयोजित करने का भी ऐलान किया।

**कुंवरगढ़ इतिहास विशेषांक किताब का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन :** महोत्सव का मुख्य आकर्षण पत्रकार हेमन्त वर्मा द्वारा लिखित शोधपरक कृति 'इतिहास कुँवरगढ़ विशेषांक' पुस्तक का विमोचन रहा। क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा व पत्रकार हेमन्त वर्मा ने मुख्यमंत्री को यह पुस्तक भेंट की, जिसकी मुख्यमंत्री ने मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि हेमन्त वर्मा ने इस लघु पुस्तक के माध्यम से कुँवरगढ़ के अनछुए ऐतिहासिक पहलुओं और यहाँ की प्राचीन विरासत को सहेजने का जो कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए ऐसे साहित्यिक और शोधपरक प्रयास नितांत आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि कुँवरगढ़ की यह धरती शौर्य, परंपरा और अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा, आज मुझे यह बताते हुए गौरव हो रहा है कि आपकी भावनाओं के अनुरूप अब इस नगर को इसके मूल और ऐतिहासिक नाम 'कुँवरगढ़' से जाना जाएगा। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की अस्मिता, यहाँ की कला-संस्कृति और लोक परंपराओं को सहेजने के लिए प्रतिबद्ध है। कुँवरगढ़ महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना का जागरण है। इसीलिए, अब से यह महोत्सव प्रति वर्ष पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस पवित्र भूमि के इतिहास से रूबरू हो सकें।

विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 136 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्य इस क्षेत्र की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने नगर पंचायत कुंरा (अब कुँवरगढ़) के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, सड़कों के जाल, पेयजल सुविधाओं और सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'मोदी की गारंटी' के तहत प्रदेश का हर कोना विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और धरसींवा अंचल इसमें अग्रणी भूमिका निभाएगा।




### इनकी रही उपस्थिति

विधायक अनुज शर्मा, विधायक मोती लाल साहू, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल,जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग,अंजय शुक्ला,सुश्री मोना सेन, चंद्रशेखर शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू, जनपद अध्यक्ष शकुंतला सेन, खरोरा नगर अध्यक्ष सोनी, टिकेश्वर मनहरे, जिला कलेक्टर गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक स्वेता सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन, विश्वदीप, जनपद पंचायत सीईओ आशीष केसरवानी,तहसीलदार बाबूलाल कुर्रर सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व जन मानस उपस्तिथ थे।

### आज का दिन कुंवरगढ़ के लिए स्वर्णिम दिन : अनुज

विधायक अनुज शर्मा ने मंच से जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन हमारे क्षेत्र के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार प्रकट करते हुए इस बात पर जोर दिया कि नाम परिवर्तन की यह घोषणा महज शब्दों का हेरफेर नहीं है, बल्कि यह यहाँ के प्रत्येक नागरिक के आत्मसम्मान और उनकी गौरवशाली पहचान की पुनर्स्थापना है। शर्मा ने आगे कहा कि कुँवरगढ़ की माटी का अपना एक प्रतापी इतिहास रहा है और आज मुख्यमंत्री जी ने उस ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देकर जन-जन की वर्षों पुरानी आकांक्षा को साकार कर दिया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह के उत्साह को देखते हुए कहा कि जिस करतल ध्वनि से जनता ने इन घोषणाओं का स्वागत किया है, वह इस बात का प्रमाण है कि विकास और विरासत जब एक साथ चलते हैं, तो प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। विधायक ने विश्वास दिलाया कि यह महोत्सव अब केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का एक नया अध्याय बनेगा। उन्होंने शासन के अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति को इस बदलाव का साक्षी बताते हुए आह्वान किया कि हम सब मिलकर कुँवरगढ़ के इस 'स्वर्ण युग' को संवारने में अपनी भागीदारी निभाएं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य पर गर्व कर सकें।

# सद्गुरु संत ईश्वर शाह का भव्य स्वागत वेलकम चौक से निकली शोभायात्रा



हिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

कटनी मध्य प्रदेश स्थित हरे माधव दरबार के प्रमुख संत जीवनमुक्त सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब का मंगलवार को तिल्दा आगमन हुआ। जहां श्रद्धालुओ ने उसका जोरदार स्वागत किया। बाबा के वेलकम चौक पहुंचने पर जमकर आतिशबाजी की गई। यहां से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तगण ढोल नगाड़ों पर झूमते नाचते भजन गाते चल रहे थे। इस बीच जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत हुआजहां पहले से ही लोग एकत्रित थे और सद्गुरु के दर्शन किए। शोभा यात्रा का समापन हरे माधव दरबार मैं हुआ जहां दरबार में सतगुरु जी ने श्री आसन पर विराजमान होकर आई हुई सारी संगत को अपने दर्शन से निहाल किया। निर्धारित समय से 4 घंटे विलंब से पहुंचे सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह का दर्शन करने के लिए संगत बेसब्री से इंतजार करते रही। श्रद्धालु कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, नागपुर, धमतरी ,वर्धा, जैसे दूर दराज शहरों से पहुंचे थे। सद्गुरु के नगर आगमन पर सिंधी समाज के प्रमुख को छमनलाल खूबचंदानी,यश भागवानी, सुरेश भागवानी, मोतीराम देवानी,टीकम नीहचलानी ने अगवानी करते हुए संत का पुष्प गुच्छ भेटकर समाज की और से स्वागत स्वागत किया। शोभायात्रा की विशेष आकर्षण रही गुलाबी रोशनी, जिससे पूरा मार्ग और वातावरण दिव्यता से जगमगा उठा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं के नृत्य ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। महिलाए हाथो में ध्वज लेकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई।

सद्गुरु के नगर आगमन पर, पार्षद राजेश कोटवानी, सुनील जेठवानी, प्रकाश खुबचंदानी, सुरेश बजाज, दीपक निहिचलानी, मानिक कोडवानी, अमित कुकरेजा, नरेश कृपलानी, भीमसेन खूबचंदानी, प्रकाश निहिचलानी, टीकम देवानी देवीदास देवानी, मनोज वीरानी, मोहन देवानी हरीश वहेजा, रोशन देवानी सहित बड़ी संख्या समाज के व लोगों के द्वारा किया गया। वेलकम चौक पर और राम पंजवानी परिवार के द्वारा आतिश बाजी की गई।

## पेज 9 के शेष

### जमानत मिलने पर 'प्रोफेसर' ...

ड्रग तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने कुसुम, महेश के साथ कुणाल मंगतानी, सौरभ डोंगरे, शुभम राठौर, सौरभ याद्व को गिरफ्तार किया है। महेश मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस से बचने आरोपियों ने डेड ड्रॉप सिस्टम अपनाया। इस सिस्टम के तहत आरोपी कुरियर से रायपुर ड्रग भेजते थे। इसके बाद कुसुम तथा महेश के कहने पर रैपिडो चालक नियत स्थान पर लावारिश हालत में माचिस डिब्बी, सिगरेट के खाली पैकेट में तीन से चार ग्राम ड्रग रख कर नियत स्थान पर छोड़ देते थे। जिनको ड्रग की डिलीवरी देनी होती थी, उसके पास लाइव लोकेशन के साथ उनके मोबाइल में वीडियो फोटो भेज देते थे।

### अमित जोगी को अंतरिम...

राहत देते हुए उनकी जमानत अर्जी को मंजूरी दे दी है। जमानत के लिए अमित जोगी की ओर से उनके वकील ने 50-50 हजार रुपए का बांड और पट्टा अदालत में पेश किया।

हाईकोर्ट में सुनवाई...

हाईकोर्ट के फैसले से उनके राजनीतिक भविष्य पर भी असर पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के नेतृत्व में प्रदेश में तीसरी पार्टी के रूप में उभरकर आई जनता कांग्रेस से धीरे-धीरे सभी दिग्गज नेताओं के छोड़कर चले जाने से यह पार्टी पहले से जहां लड़खडाई हुई है, वहीं ऐसे समय में अगर हाईकोर्ट का फैसला अमित जोगी के पक्ष में नहीं आता, तो उनका राजनीतिक भविष्य भी खतरे में पड़ सकता है।

### मौसम बदलते ही तापमान ...

की स्थिति बनती रही। माह के अंतिम दिनों में गर्मी ने थोड़ा असर दिखाया और सर्वाधिक तापमान 40.5 तक पहुंचा। दिन की तेज गर्मी के साथ रात में भी असहजता महसूस हो रही थी। इस बीच मौसम बदला और तड़के चली तेज हवा और बूंदाबांदी के बाद मौसम बदल गया। मौसम में आई ठंडकता और तापमान के 36 डिग्री पर सिमटने के कारण गर्मी अपना असर नहीं दिखा पाई। रायपुर के अलावा अन्य शहरों का मौसम भी राहत लिए हुए था। राजनांदगांव का तापमान भी 38.5 पर ठिठका रहा और बिलासपुर सहित अन्य स्टेशनों में भी तापमान 33 से 35 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल की शुरुआत भी इसी तरह के मौसम के साथ होने वाली है, जिससे तेज गर्मी की परेशानी पहले सप्ताह में कम ही झेलनी होगी।

प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 36.1 |
| माना | 35.2 |
| बिलासपुर | 36.2 |
| पेंड्रा | 34.8 |
| अंबिकापुर | 34.4 |
| जगदलपुर | 33.0 |
| दुर्ग | 35.4 |
| राजनांदगांव | 38.5 |

### स्कूलों को दिए सख्त...

प्रक्रिया स्कूलों के माध्यम से ही पूरी की जाएगी। यह सुविधा उन छात्रों के लिए होगी, जिन्होंने पहले मुख्य बोर्ड परीक्षा दी है। अगर कोई छात्र सेकेंड बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहता है, तो उसके मुख्य परीक्षा के अंकों के आधार पर ही उसका रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

### शुरुआती चरण...

इसका उद्देश्य सिर्फ यह जानना है कि कितने छात्र सेकेंड बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, ताकि सीबीएसई आवश्यक तैयारियां कर सके। दूसरे और तीसरे चरण में छात्र अपनी जानकारी में बदलाव कर सकते हैं, विषय जोड़ या हटा सकते हैं और अंत में परीक्षा शुल्क जमा करके एलओसी फॉर्म को फाइनल कर सकते हैं।

# तालाब भरने गंगरेल का पट खोलने सौंपा ज्ञापन

**आरंग।** गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में निस्तारी पानी का संकट गहराने लगा है। तालाब सूखने लगे हैं और भूगर्भीय जलस्तर गिरने से ट्यूबवेल एवं हैंडपंपों ने भी पेयजल की समस्या खड़ी करना शुरू कर दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में महानदी मुख्य नहर पर चल रहे रेलवे क्रॉसिंग निर्माण कार्य को रुकवाकर गंगरेल का पट खोलने तथा प्राथमिकता के आधार पर तालाबों को भरने के लिए पानी देने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मुख्य सचिव विकासशील को मेल के माध्यम से ज्ञापन भेजकर की गई है। साथ ही क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल को भी ज्ञापन की प्रति भेजकर संसदीय क्षेत्र के ग्रामों में निस्तारी पानी की समस्या को देखते हुए इस संबंध में अविलंब पहल करने का आग्रह किया गया है। रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा ने प्रेषित ज्ञापन में बताया कि बैसाख एवं जेठ माह में भीषण गर्मी पड़ती है और बैसाख माह शुरू होने में महज दो दिन शेष हैं।

निस्तारी पानी की समस्या और भूगर्भीय जलस्तर के लगातार नीचे जाने से पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। उन्होंने अविलंब गंगरेल का पट खोलकर तालाबों को भरवाने का आग्रह किया है, ताकि निस्तारी पानी की समस्या दूर होने के साथ-साथ भूगर्भीय जलस्तर में वृद्धि हो और पेयजल संकट कम हो सके। ज्ञापन में महानदी मुख्य नहर पर चल रहे रेलवे क्रॉसिंग निर्माण कार्य को फिलहाल रोककर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारी पानी उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में आरंग के खिलाड़ियों ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान




**आरंग।** छत्तीसगढ़ रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में विधानसभा आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित खेल क्लबों के खिलाड़ी खेल प्रदर्शन देखने पहुंचे। आरंग युवा एवं खेल संगठन के अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे देशभर से लगभग 2500 जनजातीय खिलाड़ी हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, तीरंदाजी, भारोत्तोलन, कुश्ती, एथलेटिक्स और कबड्डी, मलखंभ जैसे खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। आरंग विधानसभा के खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ टीम को समर्थन देते हुए पूरे उत्साह से उनका उत्साहवर्धन किया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के राष्ट्रीय मंच पर "भारत माता की जय", "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया" और "आरंग-आरंग" के जयकारों से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। खेल दर्शन के दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के सहायक संचालक रुस्तम सारंग से मुलाकात कर आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित खेल क्लबों के बारे में जानकारी साझा की गई।

सहायक संचालक रुस्तम सारंग ने संगठन को संपर्क में रहने और सदैव सहयोग एवं मार्गदर्शन देने की बात कही। संगठन आरंग विधानसभा के खिलाड़ियों को ऐसे मंच तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का खेल दर्शन वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक भोजराम मनहरे और हॉकी कोच अंथ्रेस मिंज के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विजय साहू, अजय साहू, रानी सगरवंशी, नीलम साहू, अश्वनी रात्रे, सोमनाथ लोधी, शोभा लोधी, हिमांशु लोधी, मनोज भोई सहित आरंग युवा एवं खेल संगठन के सभी खिलाड़ी और सदस्य उपस्थित रहे।


### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने क्रेता श्रीमती रमशीला निर्मलकर, पति श्री प्रेम लाल निर्मलकर, निवासी- साहू पारा जरौदा पोस्ट तर्रा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 16.03.2026 को विक्रेता संतोष कुमार देवांगन पिता भंवर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कुरा हटरी चौक धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. से वाके मौजा ग्राम कुर्रा प.ह.न 03, रा.नि.म रायपुर - 15 धरसीवा तहसील धरसीवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं 151/9 रकबा 0.4090 हे, 151/27, रकबा 0.4090 हे. 151/53 रकबा 0.3320 हे. खसरा नंबर 151/54, रकबा 0.3280 हे. कुल रकबा 1.4780 हे. याने 3 एकड़ 65 डिसमिल भूमि का विक्रय सौदा निष्पादित किया गया है। जिसका बयाना की राशि 10,00,000/- अक्षरी दस लाख रू. आई.डी.बी.आई बैंक जिसका चेक नं 265589 दिनांक 16.03.2026 को दिया गया है जिसका बैनामा पंजीयन अप्रैल 2026 तक किया जाना है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नहीं होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-31 /03/2026

भवदीय
दाऊ लाल साहू
निवासी / कार्यालय पता- शिवानंद नगर, रायपुर
कान्वेंट स्कूल के पास खमतराई रायपुर छ.ग.
मो.नं. 9826188239

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्रीमती गीतांजली टण्डन पति-प्रदीप कुमार टण्डन निवासी-वार्ड क्रमांक 17. गातापार, जिला धमतरी (छ.ग.) वाले के स्वामित्व व आधिपत्य की आस्क सिटी स्वीकृत अभिविन्यास में भूखण्ड क्रमांक ई-30, खसरा नं.-6/22 रकबा 0.0137 हेक्टेयर याने कि 1474 वर्गफुट भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम छछानपैरी, प.ह.नं.-03, रा.नि.मं.- केन्द्री, तहसील- अभनपुर व जिला रायपुर (छ.ग.) में धारित की जाती है। यह कि उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का पक्का सौदा कर विक्रेता के साथ मेरे पक्षकार ने विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर अग्रिम राशि अदा कर दी है एवं शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पंजीयन की कार्यवाही किया जाना है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, (छ.ग.)
दिनांक 31/03/2026

(करन कुकरेजा)
अधिवक्ता
गली नं-3, श्रीमान श्रीमती तेलीबांधा
रविग्राम, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 91092-36413,

### आम सूचना
क्रय-विक्रय के संबंध में

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के द्वारा विक्रेता हरी नारायण मोहता पिता श्री छगन लाल जी मोहता निवासी - फ्लैट नं. 202 शंकरनगर, जिला- रायपुर छ.ग. द्वारा पंजीकृत मुख्त्यार आम स्वपन कुमार साहा पिता श्री श्यामल इंदु साहा निवासी - विजय सोप गली, इंदिरा गांधी वार्ड क्रं. - 20, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.) के हक, आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि मौजा- देवरी, प.ह.नं.- 04, रा. नि. मं. - धरसींवा- एक, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नं. - 383/1 (शामिल खसरा 383/2) रकबा 0.0870 हेक्टेयर कृषि भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर क्रेता के द्वारा टोकन राशि विक्रेता / मुख्त्यार आम को अदा कर दिया गया है विक्रय विलेख की निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर ऊपर लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त कर लेवें। समाचार पत्र मे प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नहीं होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की निष्पादन एवं बैनामा पंजीयन करा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपत्ति झूठा, नाजायज एवं शुन्य माना एवं समझा जावेगा। जो मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकार नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

दिनांक - 31/03/2026

भवदीय
के. के. चन्द्राकर, कौशलेन्द्र तिवारी,
अनंत तिवारी, अधिवक्तागण, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8839604656, 9753871812

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार महगू दास बांधे, पिता- घसिया राम बांधे, निवासी सतनामी पारा, भोथली (फरफौद), तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता श्री रमेश संघारे, पिता श्री देवसिंघ संघारे, निवासी- मकान नं. 38. वार्ड नं. 09 माना कैम्प, टेमरी, स्टेशन पारा जैतखाम्भ, माना कैम्प तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम गिरौद, प.ह.नं. 00022, रा.नि.मं. सारागांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 291/13 रकबा 0.046 हेक्टेयर याने 5,000 वर्गफुट भूमि स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया है। अब केवल विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करना शेष है।

इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संव्यवहार/सौदा के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम, सार्वजनिक. अर्द्धसार्वजनिक संस्था, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय से संबंधित व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति दर्ज करावें म्याद बाद किये गये दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 30.03.2026

भवदीय
पवन कुमार पंसारी
पुष्पेन्द्र गायकवाड, रमेश देवांगन
अधिवक्तागण
जिला न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)
मोबा.- 9826465429




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बुढ़ेश्वर चौक पर कल मनाएंगे वीर हनुमान जन्मोत्सव



**रायपुर।** देशभर में 2 अप्रैल को श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस पर्व पर मंदिरों में भव्य सजावट, शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशेष भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं, जहां भक्त हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसी कड़ी में बुढ़ेश्वर चौक स्थित श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी दौरान जन्म उत्सव आरती सुबह 5 बजे एवं दैनिक आरती सुबह 8 बजे होगी। इसके अलावा भोग, राग, आरती दोपहर 12 बजे एवं महाआरती रात्रि 8 बजे श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में की जाएगी। मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रीसंकटमोचन वीर हनुमानजी का दर्शन लाभ लें एवं अपने जीवन को सार्थक बनाएं।

### पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड में कांग्रेसियों की बैठक



**रायपुर।** संगठन सृजन के तहत शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 9 में मंगलवार को वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी का गठन के लिए बैठक की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं वार्ड कमेटी बूथ कमेटी गठन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। यह बैठक वरिष्ठ वार्ड पर्यवेक्षक प्रकाश रामटेके, सह पर्यवेक्षक दीपक चौबे के नेतृत्व में की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विजय टंडन, ब्लॉक प्रभारी सुरेश धीवर, ब्लॉक सह प्रभारी सतबीर सिंह, गावेश साहू एवं वार्ड के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### राजीव भवन में रखी गोलियों से छलनी नंदकुमार पटेल की गाड़ी

**रायपुर।** 25 मई 2013 को झीरम घाटी नक्सली हमले के दौरान इस्तेमाल की गई और गोलियों से छलनी तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल की गाड़ी को छत्तीसगढ़ कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन में रखा गया है। इस गाड़ी को हमले की भयावहता के प्रमाण के रूप में वहां संरक्षित किया गया है। यह गाड़ी उस सुनियोजित नक्सली हमले की गवाह है।

### भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक आज

**रायपुर।** भाजपा झुग्गी-झोपडी प्रकोष्ठ प्रदेश की नियुक्ति के बाद प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम आवश्यक बैठक होगी। यह बैठक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे होगी। बैठक में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ठाकुर उपस्थित होंगे। यह जानकारी भाजपा झुग्गी-झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल बाघ ने देते हुए बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, जिसमें प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।

# टेट में सफल नहीं हो सके शिक्षक, 80 हजार से अधिक के समक्ष संकट, इनमें सर्वाधिक कोंडागांव के

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

व्यापम द्वारा फरवरी में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके परिणाम कुछ दिनों पूर्व ही जारी किए गए हैं। इस शिक्षक पात्रता परीक्षा में बड़ी संख्या में कार्यरत शासकीय शिक्षक शामिल हुए थे, लेकिन इनमें से अधिकतर पात्रता परीक्षा में क्वालिफाई नहीं कर सके हैं। ऐसे में प्रदेश के इन 80 हजार शिक्षकों के समक्ष पदोन्नति के लिए संकट आ खड़ा हुआ है।

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा खत जारी कर जिलेवार टेट की अनिवार्यता वाले सहायक शिक्षक, शिक्षकों की संख्या मांगी गई थी। इन शिक्षकों के लिए विभागीय स्तर पर टेट आयोजित किए जाने की चर्चा है, लेकिन कोई अंतिम निर्णय फिलहाल नहीं हो सका है और ना ही कोई दिशा-निर्देश इस संदर्भ में जारी हुआ है।

आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में 1.93 लाख शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से 42 प्रतिशत अर्थात लगभग 80 हजार शिक्षक टेट क्वालिफाई नहीं हैं। गौरतलब है, छत्तीसगढ़ में विभागीय परीक्षा पूर्व में भी आयोजित हो चुकी है। इनमें डीएड परीक्षा में शत प्रतिशत शिक्षक संवर्ग लाभान्वित हुए थे। सहायक शिक्षक से सीधे व्याख्याता संवर्ग में पदोन्नति के लिए भी विभागीय परीक्षा आयोजित हुई थी। इसमें सफलता प्राप्त करते हुए सहायक शिक्षक व्याख्याता पद पर पदोन्नत हुए थे।

## प्रदेश के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में करीब 1.93 लाख शिक्षक

### सबसे कम संख्या रायपुर में

ऐसे शिक्षक जो टेट क्वालिफाई नहीं कर सके हैं, उनकी सबसे कम संख्या राजधानी में है। रायपुर में सिर्फ 376 शिक्षक ही ऐसे हैं, जो टेट क्वालिफाई नहीं हैं। वहीं सर्वाधिक संख्या कोंडागांव में है। यहां के 5334 शिक्षक टेट क्वालिफाई नहीं हैं। इसी तरह से महासमुंद में 4486, धमतरी में 3053, बलौदाबाजार-भाटापारा में 4535, रायगढ़ में 4207, सरगुजा में 4328, बलरामपुर में 3830, बिलासपुर में 1020, दुर्ग में 2756, गरियाबंद में 3340, जांजगीर-चांपा में 3164 और सूरजपुर में 4151 शिक्षक अब तक टेट क्वालिफाई नहीं कर सके हैं।




### नहीं हो सके व्यापम की परीक्षा में सफल

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, एनसीटीई के प्रामाणिक पारिभाषिक स्वरूप के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने टेट आवश्यक करने का निर्णय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं की शिक्षकों के लिए दिया है। इससे देशभर के शिक्षक आशंकित हैं। इसके कारण ही वर्तमान में 80,000 से भी अधिक शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ में टेट की परीक्षा दी है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि शिक्षक टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना चाहते हैं। शिक्षक संघ की मांग है कि उनके लिए विभागीय स्तर पर टेट का आयोजन किया जाएगा ताकि व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा के इतर भी उन्हें मौका मिल सके।

### होलीकॉस बैरन बाजार, शैलेंद्र नगर प्रबंधन ने बकाया कर भुगतान किया, निगम ने खोली सील

# प्रापर्टी टैक्स जमा करने जोन दफ्तरों में रौनक अंतिम दिन 6.69 करोड़ से अधिक का मिला टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

वित्त वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में बकाया संपत्ति कर का भुगतान करने करदाताओं की भीड़ नजर आई। सुबह से शाम तक 7083 संपत्ति करदाताओं ने 6.69 करोड़ से अधिक की राशि बकाया संपत्ति कर के रूप में जमा कराई। वहीं एक दिन पहले बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले हो ली कॉ स बैरनबाजार और शैलेन्द्र नगर प्रबंधन ने मंगलवार को बकाया संपत्ति कर आरटीजीएस की पूरी राशि का भुगतान कर दिया। इस पर नगर निगम ने सील खोला।

- 30 अप्रैल के बाद देना होगा 17 फीसदी अतिरिक्त चार्ज
- उपायुक्त राजस्व के पास देर शाम पहुंचा संचालनालय का आदेश

नगर निगम के जोन कार्यालयों में वित्त वर्ष का अंतिम दिन होने की वजह से सुबह 10 बजे से देर शाम तक प्रापर्टी टैक्स जमा करने करदाताओं की आवाजाही के कारण रौनक देखने को मिली। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम के राजस्व महकमे ने निगम आयुक्त द्वारा दिए गए 475 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 350 करोड़ की राजस्व वसूली कर ली है। 1 माह की बढ़ी हुई समय अवधि में यह आंकड़ा 400 करोड़ के राजस्व वसूली तक पहुंचने की उम्मीद है।




### 30 मार्च को 9 करोड़ की हुई थी राजस्व वसूली

नगर निगम के दस जोनों में बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व वसूली के लिए दबाव बनाने सीलबंदी और नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई के चलते 30 मार्च को एक ही दिन 9 करोड़ की राजस्व वसूली दर्ज की गई। जबकि 31 मार्च को वित्त वर्ष का अंतिम दिन होने के बाद भी केवल 6.69 करोड़ रुपए के राजस्व की प्राप्ति नगर निगम को हुई। करदाताओं की सुविधा के लिए 31 मार्च को महावीर जयंती के सरकारी अवकाश के बाद भी सभी जोन दफ्तरो में सुबह से लेकर देर शाम तक राजस्व विभाग के कर्मचारी, अधिकारी अपने काम में डटे रहे।

### *1 माह तक बढ़ गई संपत्ति कर भुगतान की मियाद, 30 अप्रैल तक मिला समय*

*प्रापर्टी टैक्स समय पर जमा नहीं करने वालों के लिए हर बार की तरह इस बार राज्य शासन ने 1 माह की मोहलत दी है। इससे हर साल समय पर संपति कर जमा करने वाले करदाताओं को जहां मायूसी हुई, वहीं 31 मार्च के बाद संपति कर जमा करने वालों को 1 माह का समय और मिल गया है। इससे नगर निगम के 31 मार्च तक हुए राजस्व वसूली पर भी असर पड़ा है। सूत्रों के मुताबिक वित्त वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण मंगलवार को 20 करोड़ की राजस्व वसूली का अनुमान महकमे ने लगाया था, पर एक दिन पहले प्रापर्टी टैक्स जमा करने की अवधि को 1 माह बढ़ाने नगरीय प्रशासन विभाग का आदेश जारी होने के कारण बड़े बकायादारों को 31 मार्च की जगह 30 अप्रैल तक का समय मिल गया है। नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को 30 दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया है। राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा न होने और अन्य प्रशासनिक कारणों के चलते यह निर्णय लिया गया है। यह पहला मौका नहीं है, इसके पहले भी अलग-अलग कारण बताकर शासन द्वारा प्रापर्टी टैक्स जमा करने की तारीख बढ़ाने की परिपाटी रही है।*

# बदली परंपरा, अब महिलाएं भी घर-घर जाकर कर रहीं बिजली के मीटरों की रीडिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में अब तक बिजली के मीटरों की रीडिंग का काम सिर्फ पुरुषों से कराया जाता रहा, लेकिन अब इस परंपरा को बदलने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 20 महिलाएं घर-घर जाकर मीटरों की रीडिंग करने का काम कर रही हैं। इन महिलाओं को प्रति मीटर रीडिंग के 12 रुपए मिल रहे हैं। एक महिला 500 से 750 मीटरों की रीडिंग हर माह कर रही है। आने वाले समय में दूसरे जिलों में भी महिलाओं को यह काम दिया जाएगा।

पॉवर कंपनी में कुछ काम ऐसे हैं, जिनको पुरुषों से ही कराया जाता है। ऐसे ही कामों में मीटरों की रीडिंग का भी काम है। बरसों से घरेलू के साथ गैर घरेलू कनेक्शनों में मीटर रीडिंग का काम पुरुष कर्मचारी ही करते रहे हैं, लेकिन अब इस धारणा को बदलने का काम किया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले में किया पहला प्रयोग

### दूसरे जिलों में भी देंगे काम

जिस भी जिले की महिलाएं मीटर रीडिंग का काम करना चाहेंगी, उनको भी काम दिया जाएगा। पॉवर कंपनी महिलाओं के लिए भी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार का अवसर देने का काम कर रही है।

**- भीम सिंह कंवर,** एमडी, वितरण कंपनी

### जशपुर से आगाज

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने पहली बार महिलाओं से बिजली के मीटरों की रीडिंग का काम कराने का आगाज जशपुर से किया है। यहां पर स्व सहायता समूह की महिलाओं को यह काम दिया गया है। इस समूह की 20 महिलाएं इस समय काम कर रही हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रीडिंग का काम किसी समूह को नहीं जाता, भले ही महिलाएं स्व सहायता समूह की हैं, लेकिन अलग-अलग महिलाओं के साथ अलग-अलग अनुबंध किया गया है। इस समय जो भी महिलाएं रीडिंग का काम कर रही हैं, वो हर माह 500 से 750 घरों तक जाकर रीडिंग कर रही हैं। इनको एक कनेक्शन के 12 रुपए के हिसाब से पैसे दिए जाते हैं। ऐसे में 500 रीडिंग करने वाली महिलाओं को हर माह छह हजार रुपए और 750 घरों तक जाकर रीडिंग करने वाली महिलाओं को नौ हजार रुपए हर माह मिल रहे हैं। आने वाले समय में इन महिलाओं की रीडिंग की रफ्तार बढ़ेगी, तो ये हजार घरों तक भी जाकर रीडिंग करने का काम कर सकती हैं। ऐसा करने वाली महिलाओं को 12 हजार रुपए हर माह मिल जाएंगे।

# पीएससी मेंस के लिए अधिसूचना जारी, आज से खुलेंगे आवेदन पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस के मुताबिक, पीएससी मेंस के लिए आवेदन प्रक्रिया एक अप्रैल से प्रारंभ होगी। अभ्यर्थियों को 15 अप्रैल तक का समय इसके लिए दिया जाएगा। छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही मुख्य परीक्षा में शामिल हो पाएंगे। मुख्य सेवा परीक्षा 16 से 19 मई तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है, राज्य सेवा परीक्षा 2025 के माध्यम से 20 सेवाओं के लिए 265 पद विज्ञापित किए गए थे। इस विज्ञापन के अंतर्गत 22 फरवरी को राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का आयोजन प्रदेश के 31 जिला मुख्यालयों में किया गया था।

- 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे प्रारंभिक परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी
- 16 से 19 मई तक 265 पदों के लिए आयोजित होगी मुख्य परीक्षा

### निशुल्क सुधार केवल एक बार

आवेदन पश्चात त्रुटि सुधार करने के लिए 16 व 17 अप्रैल अर्थात 48 घंटे का समय अभ्यर्थियों को मिलेगा। इस दौरान पोर्टल शुल्क और जीएसटी शुल्क देय होगा। आवेदक अपने ऑनलाइन आवेदन में केवल एक बार ही निशुल्क त्रुटि सुधार कर सकेंगे। 17 अप्रैल के बाद किसी भी प्रकार का त्रुटि सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा तथा मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को आगे घोषित किया जा सकेगा। परीक्षा संबंधित अन्य नियमावली पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है।

## घुटनों के बल जल समाधि लेने जा रहे डीएड अभ्यर्थियों को पुलिस ने रोका



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ डीएड अभ्यथी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने आमरण अनशन कर रहे हैं। मंगलवार को चयनित डीएड अभ्यर्थी धरना स्थल से तूता के तालाब में जल समाधि लेने की मंशा से घुटनों के बल बाहर निकले। पुलिस के जवानों ने उन्हें मुख्य द्वार पर ही आगे बढ़ने से रोक दिया। इस बीच कुछ अभ्यर्थी पीछे के रास्ते से पुलिस प्रशासन को छकाते हुए तालाब तक जा पहुंचे। धरना प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की मांग है कि प्रदेश में 2300 सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर उन्हें तत्काल नियुक्ति दी जाए। मंगलवार को डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने घुटनों पर चलकर न्याय की गुहार लगाते हुए तालाब में जल समाधि लेने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों के घुटने छिल गए, इसके बाद भी उनके हौसले नहीं टूटे। डीएड अभ्यर्थी 2300 पदो पर तत्काल नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं।

- पीछे के रास्ते से तालाब तक जा पहुंचे अभ्यर्थी, लगाई न्याय की गुहार

## छत्तीसगढ़ प्राचार्य फेडरेशन के खान निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्राचार्य फेडरेशन की प्रांतीय आम सभा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय में आयोजित की गई। इस प्रांत स्तरीय आमसभा में एमआर खान को निर्विरोध फेडरेशन का अध्यक्ष चुना गया। फेडरेशन के प्रांतीय सचिव धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि आमसभा, कमल वर्मा (प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ एवं प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन) के मुख्य आतिथ्य में हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए प्रमुख संस्थापक सदस्य चमेली वर्मा ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत प्राचार्यों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी से सार्थक प्रयास किए जाएंगे। आमसभा में चमेली वर्मा ने एमआर खान की सक्रियता को देखते हुए अध्यक्ष पद के लिए प्रस्ताव रखा, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

### खान ने कही ये बात

नव निर्वाचित अध्यक्ष एमआर खान ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे आम सहमति से संगठन को प्रदेश में मजबूती प्रदान करेंगे तथा प्राचार्यों की समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखेंगे। उन्होंने अपने संगठन को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध रखने की घोषणा भी की। मुख्य अतिथि कमल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन प्रदेशभर में प्राचार्यों को न्याय दिलाने हेतु हर स्तर पर संघर्ष करेगा। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए सभी प्राचार्यों को एकजुट करने हेतु संगठनात्मक सुझाव भी दिए।

# अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए आज से नामांकन फार्म की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर




अधिवक्ता संघ चुनाव की प्रक्रिया बुधवार से नामांकन फार्म की बिक्री के साथ शुरू होगी। नामांकन फार्म जिला न्यायालय परिसर के कक्ष क्रमांक-206 में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक वितरित किए जाएंगे। नामांकन फार्म की बिक्री 2 मार्च तक होगी। इसके बाद चुनाव की अन्य प्रक्रिया शुरू होगी।

अधिवक्ता संघ के चुनाव मीडिया प्रभारी अमर गुरुबक्षाणी ने बताया कि अधिवक्ता संघ की 18 प्रबंधकारिणी समिति का चुनाव होना है। प्रारंभिक और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। चुनाव कार्यालय से 1 और 2 मार्च को नामांकन फार्म दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक वितरित किए जाएंगे, वहीं 4 मार्च को नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। 6 मार्च को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी एवं प्रकाशन किया जाएगा। नाम वापसी 7 मार्च को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक निर्धारित है। इस तरह प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 5 बजे किया जाएगा। चुनाव के लिए मतदान 15 मार्च को होगा तथा 16 एवं 17 मार्च को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव में महिला अधिवक्ताओं के लिए उपाध्यक्ष महिला-1 पद, सहसचिव-महिला-1 पद, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव महिला 1 पद, एवं कार्यकारिणी सदस्य, महिला-2 पद आरक्षित किए गए हैं। चुनाव नियमावली में प्रथम बार यदि कोई प्रत्याशी, उम्मीदवार उचित समझे तो अपना पैनल बनाकर चुनाव लड़ सकते हैं, ऐसा पैनल सभी 18 पदों के लिए या शीर्ष पदों के लिए हो सकता है।




# मिठाई में लगाने वाले चांदी के वर्क के दाम डबल मिठाई की कीमत भी 40 से 50 रुपए तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

चांदी के दाम आसमान पर जाने का असर अब मिठाई में भी दिखने लगा है। खोवा और काजू की मिठाई में बरसों से चांदी का वर्क लगाने का काम किया जाता है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि इस वर्क के कारण ही मिठाई के दाम बढ़ाने पड़े हैं। जो चांदी का वर्क पहले 7800 रुपए में दस की गड्डी का एक पैक आता था, वह अब 16500 रुपए हो गया है। यानी कीमत 8700 रुपए बढ़ गई है। यह डबल से भी ज्यादा है। वैसे तो मिठाइयों में सोने का वर्क भी लगाया जाता है, पर अपने राज्य में ऐसी मिठाइयां नहीं बिकतीं। इसके दाम बहुत ज्यादा होते हैं। खोवा की मिठाइयों में चांदी का वर्क लगाकर इन मिठाइयों को खास बनाने का काम किया जाता है। छोटे से लेकर बड़ी मिठाई की दुकानों में मिठाइयों में चांदी का वर्क लगाने का काम होता है, लेकिन चांदी का वर्क हर मिठाई में नहीं लगाया जाता। चांदी का वर्क आमतौर पर खोवा की मिठाइयों पर ही लगाया जाता है। इसी के साथ खजूर से बनने वाले रोल पर भी चांदी का वर्क लगाने का काम होता है।

### *लगाना कम नहीं किया*



*चांदी के वर्क के दाम डबल होने के बाद भी कारोबारियों ने मिठाई पर चांदी का वर्क लगाना कम नहीं किया है। जितना वर्क पहले लगाते थे, उतना ही आज भी लगा रहे हैं। भले दाम करीब 40 रुपए बढ़ाए गए हैं। चांदी के वर्क वाली मिठाइयों के दाम 600 रुपए से 2000 रुपए तक हैं। अलग-अलग क्वालिटी की मिठाई के दाम अलग-अलग दुकानों पर भी अलग-अलग है। काजू कतली के दाम चांदी के वर्क के कारण 1040 से 1080 रुपए किए गए हैं। काजू कतली के दाम कई दुकानों में 12 सौ रुपए भी है। इसी तरह से 560 रुपए वाली मिठाई के दाम 600 रुपए किए गए हैं। अन्य मिठाइयों के दाम में भी 40 से 50 रुपए का इजाफा अलग-अलग दुकानदारों ने किए हैं।*

### *एक गड्डी का उपयोग 50 किलो मिठाई में*

*मिठाई का कारोबार करने वाले राजधानी के कारोबारियों का कहना है कि चांदी के वर्क के दाम पहले कभी इतने नहीं बढ़े जितने अब बढ़ गए हैं। इसका कारण यह है कि चांदी के दाम आसमान पर चले गए हैं। अब तो दाम करीब पौने दो लाख कम हो गए हैं। एक समय चांदी के दाम चार लाख के पार चले गए थे। अब तो दाम ढाई लाख से भी कम हैं। लेकिन चांदी के वर्क के दाम अब डबल से भी ज्यादा हो गए हैं। स्वीट इंडिया के संचालक संजय विरानी के मुताबिक जो चांदी का वर्क दस की गड्डी वाला जनवरी में 78 सौ रुपए में मिल रहा था। वह अब 16500 रुपए में मिल रहा है। यानी जो एक गड्डी पहले 780 रुपए की पड़ती थी, वह अब 1650 रुपए की पड़ रही है। एक गड्डी का उपयोग करीब 50 किलो मिठाई में हो जाता है।*



02

घोड़े और ऊंट के साथ निकाली शोभायात्रा...

सिटी लाइव

# समर सीजन में वुमंस की पहली पसंद बनी कॉटन की गोदना



**रायपुर।** गर्मी के मौसम में छत्तीसगढ़ की हैंडलूम डिजाइन और फ्रैब्रिक्स फैशन च्वॉइस बन रही है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के महानगरों से भी कॉटन की गोदना, जेराबेरी, फुलजाला, टेम्पल प्रिंट में माता कौशल्या मंदिर, सिरपुर, जैतखंब, राजगीत अरपा प्रिंट, बस्तर आर्ट वाली साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद बन रही हैं। वहीं ट्राइबल प्रिंट में जनजातीय भित्ति चित्र की बुनकारी और प्लेन कोसा का सलवार सूट कपड़ा, दुपट्टा गर्ल्स की एवर टाइम च्वाइस में शामिल हो गए हैं। लड़कों के लिए जैकेट्स, कुर्ता-पाजामा खास है। वहीं बड़ों के लिए बूटा वर्क बुनकारी वाली शॉल खूब डिमांड में है। बिलासा हैंडलूम शो रूम के सहायक मैनेजर राजेश साहू ने बताया कि पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ के हैंडलूम की डिमांड प्रदेश सहित देश के कोने-कोने में बढ़ी है। इसकी वजह छत्तीसगढ़ हथकरघा विभाग द्वारा लगातार किए जा रहे नवाचार और बुनकरों की नायब बुनकारी का कमाल है। हर वर्ग के लोग कोसा व कॉटन से बनी मेन्स व वुमेन्स ड्रेस मटेरियल्स को काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हथकरघा विभाग द्वारा विशेषकर कोसा और कॉटन की फैब्रिक्स व रेडिमेड ड्रेस मटेरियल्स, थान कपड़े की मैनुफेक्चरिंग व डिजाइनिंग और मार्केटिंग की जा रही है। देश तथा देश के बाहर से लोग ऑनलाइन माध्यम से हैंडलूम ड्रेसेस की खरीदी कर रहे हैं। वहीं राज्य के अलग-अलग जिले से भी लोग राजधानी के बिलासा हैंडलूम शो रूम में खरीदी के लिए पहुंच रहे हैं।

> गर्मी में छत्तीसगढ़ की हैंडलूम डिजाइन और फ्रैब्रिक्स बन रही फैशन च्वॉइस

### बुनकारी, कलर कॉबिनेशन के कायल हो रहे ग्राहक

बिलासा शोरूम पहुंच रहे ग्राहकों का कहना है कि यहां पर कोसा व कॉटन पर पारंपरिक व स्थानीय बुनकरों की बुनकारी, कलर कॉम्बिनेशन, फैब्रिक्स क्वालिटी काफी शानदार होती है। यह दुनिया की किसी और जगह नहीं मिल सकती, इसलिए वे शादी व ओकेजन के लिए कोसा तथा कॉटन के बने साड़ियां, जैकेट्स, धोती, कुर्ता और थान कपड़े खरीदने अक्सर पहुंचते हैं।

### 2 हजार से 10 हजार तक की साड़ियां

छत्तीसगढ़ बिलासा हैंडलूम शोरूम के मैनेजर ने बताया कि कॉटन की साड़ी क्लेक्शन की कीमतें 2 हजार से शुरू होती हैं, जो 10 हजार तक है। वहीं कॉटन के दूसरे वुमन्स वियर में सलवार सूट, दुपट्टा, कुर्तियां कलेक्शन में आए हुए हैं। गर्मी के मौसम में विशेषकर कॉटन ड्रेस मटेरियल्स की मांग खूब होती है।

## नेशनल पैरा ताइक्वांडो में छग को मिले तीन पदक

**रायपुर।** बेंगलुरु में आयोजित नेशनल पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया है।



प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने एक गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। अफरोज खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं दीपेश चौहान ने सिल्वर मेडल हासिल किया, जबकि दीपक ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। प्रदेश के इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से खेल जगत में खुशी है। भविष्य में उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

● ट्रिपल आईटी के टेक्नोवेट 7.0 की क्लोजिंग सेरेमनी में मशहूर रैप सिंगर रफ्तार का लाइव कंसर्ट

# स्वैग मेरा देसी... रफ्तार के रैप सांग का चला जादू
# देर रात तक लाइव कंसर्ट में थिरकते रहे स्टूडेंट्स

ट्रिपल आईटी कैंपस में मंगलवार की शाम युवाओं के फेवरेट रैप सिंगर रफ्तार के हिट गानों का स्वैग सिर चढ़ कर बोला। स्वैग मेरा देसी... काली कार...नाचने का शौक...मोरनी... आदि रैप सांग्स से रफ्तार ने अपने लाइव कंसर्ट में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह मौका था ट्रिपल आईटी के टेक्नोवेट 7.0 की क्लोजिंग सेरेमनी का, जहां शाम 6 बजे से ट्रिपल आईटी कैंपस में सिंगर रफ्तार के रैप सांग के दीवाने स्टूडेंट्स बेसब्री से अपने फेवरेट सिंगर के मंच पर आने का इंतजार करते रहे।



**रायपुर।** सिंगर करीब रात 8 बजे स्टेज पर पहुंच और स्वैग मेरा देसी...सांग के साथ धमाकेदार एंट्री की, जिससे दर्शकों में हाईलेवल का एनर्जी आ गई। तीन दिवसीय टेक्नोवेट 7.0 फेस्ट के समापन नाइट ट्रिपल आईटी के स्टूडेंट्स के लिए रफ्तार के गानों से यादगार बन गई। फेस्ट के समापन समारोह में मशहूर गायक फहीम अब्दुल्ला के लाइव कंसर्ट में स्टूडेंट्स देर रात तक थिरकते रहे। सिंगर के एनर्जेटिक परफॉर्मेंस से युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। अपने पसंदीदा सिंगर के हर गीत पर ऑडियंस क्रेजी दिखे। सिंगर ने अपने सुपरहिट गानों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। उनकी लाइव परफॉर्मेंस पर ट्रिपल आईटी कैंपस जमकर झूमा, जिससे यह शाम अविस्मरणीय बन गई। शाम 6 बजे से देर रात तक दर्शकों पर रैप सांग का स्वैग चढ़ता रहा।

### फेवरेट सिंगर को अपने बीच पाकर फैंस हुए क्रेजी



लाइव कंसर्ट में अपने फेवरेट सिंगर को लेकर फैंस में जबर्दस्त दीवानगी दिखी। ऑडियंस ने हर गाने को अपने मोबाइल कैमरे से शूट किया। प्रोग्राम में सिंगर के स्टेज पर आने का शाम 6 बजे से ही फैंस बेसब्री से इंतजार करते रहे। जैसे ही सिंगर अपने एनर्जेटिक रैप स्टाइल सांग की प्रस्तुति दिए, फैंस रफ्तार...रफ्तार के नाम पुकारने लगे और एक झलक पाने फैंस क्रेजी हो उठे। दर्शक दीर्घा में जैसे बिजली का करंट दौड़ उठा हो। दर्शकों के मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट ऑन हो गई।



### नक्सलमुक्त होने पर छत्तीसगढ़ वासियों को बधाई

रैपर रफ्तार ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि आज के युवा अपने लिए बड़े सपने देखें और उसे पूरा करने मेहनत करें। वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर की हसीन फिजां की तारीफ करते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़वासियों के लिए बड़ी खुशी का दिन है, जो आज छत्तीसगढ़ नक्सलमुक्त हुआ है। इसके लिए पूरे छत्तीसगढ़वासियों को बधाई।

### तीन दिवसीय फेस्ट का यादगार समापन

म्यूजिक कॉन्सर्ट के साथ-साथ फेस्ट में कई टेक्निकल और क्रिएटिव प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों ने हिस्सा लेकर आकर्षक पुरस्कार जीते। इस तरह से इस तीन दिवसीय फेस्ट का यादगार व भव्य समापन हुआ।

# राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ने साइंटिस्ट-बी के पदों पर निकली भर्ती, 24 अप्रैल तक आवेदन

**रायपुर।** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की ओर से साइंटिस्ट-बी के पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। जो उम्मीदवार में बतौर साइंटिस्ट के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू हो गई है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत साइंटिस्ट-बी के लिए कुल 243 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। साइंटिस्ट-बी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री एवं गेट स्कोरकार्ड होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु की गणना 31 मार्च, 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

### इन चार स्टेप्स से कर सकते हैं आवेदन




एनईआईआईसी में साइंटिस्ट-बी के पदों पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार यहां बताए गए चार स्टेप्स को फॉलो करके अपना फॉर्म भर सकते हैं। फर्म भरने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट **recruitment.nic.in** पर जाकर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करने के बाद मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें। इसके बाद जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी को अपलोड करें और रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करें। अंत में भविष्य के लिए इसका एक प्रिंट आउट भी अवश्य निकाल लें।

### आवेदन शुल्क 800 रुपए

आवेदन करने के लिए आवेदन शुल्क का भुगतान करना जरूरी है। बगैर आवेदन शुल्क के फॉर्म स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनरल, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 800 रुपए निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, एससी एवं एसटी, दिव्यांग और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट प्रदान की गई है।

# कॉमेडियन सुनील पॉल ने स्कूली बच्चों और पैरेंट्स को चुटकुलों से किया लोटपोट

**रायपुर।** कचना स्थित राघव पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय समर फन कैंप का भव्य समापन हुआ। मंगलवार को समापन समारोह में मशहूर हास्य कलाकार सुनील पॉल ने स्कूली बच्चों व उनके पैरेंट्स को कमाल की कॉमेडी टाइमिंग से खूब हंसाया। कॉमेडियन के चुटकुलों से समारोह में मौजूद दर्शक हंस-हंस कर लोटपोट होते रहे। बता दें कि पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति सेवा समिति रायपुर द्वारा नव संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त संस्थान राघव पब्लिक स्कूल रायपुर के हृदय स्थल कचना में स्थित है, वहां 25 से 31 मार्च तक 4 वर्ष से 14 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समर फन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 350 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसके समापन समारोह में प्रसिद्ध हास्य कलाकार सुनील पाल शामिल हुए। 7 दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि बतौर जीएस बाम्बरा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



समारोह के मुख्य आकर्षण सुनील पाल ने सर्वप्रथम कार्यक्रम में सहभागी बने सभी छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु अपनी अपनी विधाओं में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया एवं अपनी हास्य कला से कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अतिथियों को हंसाया-गुदगुदाया। इस समर कैंप के अंतिम दिन में राघव पब्लिक स्कूल के द्वारा कैंप में फ्री फन चौपाटी का भी आयोजन किया गया, जहां पर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों एवं उनके पालकों ने अलग-अलग प्रकार के लजीज व्यंजनों का दिल खोलकर लुत्फ उठाया।

छत्तीसगढ़ के तिलक बारसेट ने पुरुष 100 मीटर में रजत जीता, पदक तालिका में कर्नाटक 19 स्वर्ण के साथ शीर्ष में

# फुटबॉल के फाइनल में पहुंची महिला टीम, उधार के स्पाइक्स पहनकर सूरज ने 5000 मीटर में जीता रजत

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम कोटा में खेले गए महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले रोमांच और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से भरपूर रहे। पहले सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश के बीच बेहद कांटे का मुकाबला देखने को मिला। कप्तान किरण पिस्दा की शानदार दोहरी भूमिका से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ की महिला फुटबॉल टीम ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के पहले संस्करण के फाइनल में जगह बना ली है, जबकि राज्य की महिला हॉकी टीम ने भी कांस्य पदक मुकाबले में पहुंचकर अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

**रायपुर।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी किरण ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच की स्टार रहीं।

### पेनल्टी में छग को मिली जीत

उनके हरफनमौला खेल की बदौलत छत्तीसगढ़ ने निर्धारित समय के बाद 2-2 की बराबरी रहने पर पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में अब तक करीब 20 गोल कर चुकीं किरण ने एक बार फिर आक्रामक भूमिका निभाते हुए 18वें मिनट में गोल कर मेजबान टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि अरुणाचल प्रदेश ने 41वें और 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया। इसके बाद किरण ने साहसिक फैसला लेते हुए नियमित गोलकीपर योगिता की जगह खुद दस्ताने पहनकर गोलपोस्ट संभालने का निर्णय लिया। उनका यह निर्णय कप्तानी की मिसाल बन गया, जब उन्होंने दो शानदार बचाव किए और खुद एक पेनल्टी भी सफलतापूर्वक गोल में बदली, जिससे टीम को फाइनल का टिकट मिला। अंतिम पेनल्टी के गोल के साथ ही मेजबान टीम ने मैदान पर जश्न मनाना शुरू कर दिया।





### मेहनत सफल रही, अब हम फाइनल में हैं

अपने प्रदर्शन पर किरण ने कहा कि मैं अपनी टीम को हर हाल में फाइनल में पहुंचाना चाहती थी। मुझे गोलकीपर के रूप में अच्छा करने का भरोसा था। मैंने पहले भी अपनी राज्य टीम के लिए यह भूमिका निभाई है। मेरी मेहनत सफल रही और हम फाइनल में हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।" अब फाइनल में छत्तीसगढ़ का सामना झारखंड और गुजरात के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। उल्लेखनीय है कि ग्रुप चरण में मेजबान टीम गुजरात को 2-1 से हरा चुकी है, जिसमें किरण ने भी एक गोल किया था। वहीं, इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम 1 अप्रैल को पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेगी।

### हर महीने कोच की फीस नहीं दे सकते

नासिक के एथलेटिक्स ट्रैक पर सूरज माशी और उनके कुछ साथी अक्सर अपने सीनियर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग करते हुए बड़े ध्यान से देखते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि वे सिर्फ देख नहीं रहे होते, बल्कि हर छोटी-बड़ी चीज को समझकर उसे अपनी ट्रेनिंग में लागू करने की कोशिश करते हैं।

सूरज उन आदिवासी खिलाड़ियों के समूह का हिस्सा हैं, जो हर महीने कोच की फीस नहीं दे सकते और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए जो भी मदद मिलती है, उसी पर निर्भर रहते हैं। दौड़ना ही उनका सबसे बड़ा हुनर है, जिसने उन्हें यहां तक पहुंचाया है और जो एक दिन उनकी जिंदगी बदल सकता है। सूरज ने कहा कि कोचिंग फीस 4000 रुपए प्रतिमाह है, जिसे मैं वहन नहीं कर सकता। मैं नासिक में किराये पर रहकर पढ़ाई करता हूं और किराया मुझे महाराष्ट्र और गुजरात में दौड़ों में भाग लेकर मिलने वाली ईनामी राशि से ही देना पड़ता है। इसलिए मैं खुद ही ट्रेनिंग करता हूं और जब कहीं अटकता हूं तो सीनियर्स या ट्राइबल विभाग के कोच से सलाह लेता हूं। यही सूरज खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने में सफल रहे। सूरज हर महीने सिर्फ 300 रुपए देकर ट्रेनिंग सुविधा का उपयोग करते हैं और सेकेंड हैंड जूते और स्पाइक्स में अभ्यास करते हैं। उनके स्पाइक्स काफी घिस चुके थे, इसलिए उन्हें इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एक साथी धावक से स्पाइक्स उधार लेने पड़े।

## सिटी लाइव

# उन्नति के लिए भौतिक-आध्यात्मिक सामंजस्य बनाए रखना जरूरी




**रायपुर।** तेली इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को कर्मा जयंती कार्यक्रम के सिविक सेंटर स्थित इंजीनियर भवन में मनाया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के अनेक इंजीनियर अपने परिजनों के साथ उपस्थित थे। मुख्य अतिथि इंजीनियर मोहनलाल साहू सेवानिवृत्त उप महानिदेशक ने उन्नति के लिए भौतिक एवं आध्यात्मिक सामंजस्य को बनाए रखने की कवायद की। उन्होने कहा कि हमें टैक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। जिससे समाज के युवा इंजीनियर भी जुड़ सके। हर क्षेत्र में इंजीनियरों की डिमांड है लेकिन उन विभागों के संबंध में जानकारी का अभाव होता है। उन्होने कहा हमारे युवा इंजीनियर विदेश जा रहे हैं जिससे हमारे देश की तरक्की प्रभावित हो रही है।

### तैलिक शब्द से पूरा देश का समाज जुड़ता है

मुख्य अतिथि डॉ. साहू ने कहा कि तैलिक शब्द से हमारे देश का पूरा साहू समाज जुड़ जाता है। वहीं साहू लिखने से यह विस्तारित नहीं हो पाता। तैलिक में चाहे वह महाराष्ट्र का साहू हो या फिर छत्तीसगढ़ या अन्य प्रदेश का सभी समाहित हो जाते हैं। उन्होने कहा कि आज हमारे बच्चे विज्ञान को तो समझते हैं लेकिन आध्यात्मिक विरक्ति देखा जा रहा है। इसके लिए हम सबका दायित्व है कि बच्चों को जोड़े। सामाजिक कार्यक्रमों में भी लाएं। जिससे वे समाज का महत्व भी समझ सके। भक्त माता कर्मा की वजह से साहू समाज गौरान्वित हुआ है। माता कर्मा की जीवनी हमें सीख देती है और कल्याणकारी है।

## धर्म लाइव

# हरे माधव के आनंदमयी भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



**रायपुर।** कटनी मध्यप्रदेश के महान संत, जीवनमुक्त सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब के सान्निध्य में महावीर नगर में रविवार को हरे माधव सत्संग संपन्न हुआ। सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब ने अपने मुखारबिंद से सत्संग भक्ति, नाम, सिमरन, ध्यान से परम पिता परमेश्वर को पाने की अमूल्य वचन कुंजी का भेद प्रकट किया। हरे माधव के आनंदमयी भजनों पर श्रद्धालुजन झूम उठे। महावीर नगर स्थित हरे माधव दरबार साहिब के सामने ग्राउंड में सत्संग हुआ। सत्संग में तिल्दा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जगदलपुर और छत्तीसगढ़ की संगत के साथ साथ उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से भी हजारों श्रद्धालु पधारे।

### सेवादारों ने दीं अपनी सेवाएं

हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा रायपुर के सचिव तेजकुमार बजाज ने बताया कि सत्संग के बाद सभी संगतों ने सतगुरु के श्रीदर्शन कर आशीष प्राप्त किया, जिसके बाद सभी संगतों ने हरे माधव ब्रह्मभोज का अमृत आनंद लिया। प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से सविता दीदी व महेश डोडवानी पधारे एवं रक्षा सूत्र बांधकर सम्मान किया, निरंकारी आश्रम से महात्मा गुरबख्श सिंग कालरा, श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थौरानी, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अजीत कुकरेजा, महेश दरयानी, अमित चिमनानी, इंदर डोडवानी, पवन प्रीतवानी, दीपेश बजाज आदि सहित सेवादारों ने अपनी सेवाएं दीं।

## समाज इवेंट

# सामूहिक उपनयन संस्कार, 33 बटुकों ने धारण किया जनेऊ




**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में रविवार को सर्व ब्राह्मण समाज के बटुकों के लिए भव्य निशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग अपने बच्चों के साथ शामिल हुए और वैदिक विधि-विधान के अनुसार उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया।

### सेवाभावना की सभी ने खुले दिल से की प्रशंसा

आयोजन समिति द्वारा सभी आगंतुकों के ठहरने और भोजन की समुचित व्यवस्था आशीर्वाद भवन में ही की गई थी। व्यवस्थाओं की सुव्यवस्था और सेवाभावना की सभी ने खुले दिल से प्रशंसा की। समारोह में विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक राजेश्री महंत रामसुंदर दास, समाज के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय बटुकों को आशीर्वाद देने पहुंचे, जहां जनेऊ का महत्व प्रतिपादित किया। कार्यक्रम में सुरेश मिश्र, राजकुमार दीक्षित, शशिकांत मिश्रा, गिरजाशंकर दीक्षित, राजकुमार अवस्थी, चंद्रभूषण बाजपेयी आदि उपस्थित थे।

**महावीर जयंती पर सकल जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, विभिन्न मंचों ने जगह-जगह किया स्वागत**

# घोड़े और ऊंट के साथ निकाली शोभायात्रा, भगवान महावीर के 34 पूर्व जन्मों का नृत्य नाटिका में दर्शाया त्याग-तपस्या

भगवान महावीर जयंती के अवसर पर सकल जैन समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। घोड़े और ऊंट यात्रा में चार चांद लगा रहे थे, वहीं समाजजनों के साथ भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति के संरक्षक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत शोभायात्रा में शामिल हुए। रास्ते में जगह-जगह मंच बनाकर विभिन्न समाज और संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। राजधानी में 21 दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में महावीर स्वामी के अहिंसा, सत्य और करुणा के संदेश को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया गया।





### जीवन के सभी पात्रों का संगीतमयी मंचन किया

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत भवों की यात्रा वीर की गाथा का सजीव मंचन किया गया। दादाबाड़ी में सोमवार को पांच मंडलों की 50 बच्चों और महिलाओं ने भगवान महावीर के पूरे 34 जन्मों के साथ उनके त्याग और तपस्या को दर्शाते हुए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। भगवान महावीर स्वामी के पूर्व के जन्म में देव, राजा, पशु और तिर्यंच के जीवनयापन को प्रस्तुत करते हुए जैन समाज की महिलाओं ने उनके जीवन के सभी पात्रों का संगीतमयी मंचन किया। दर्शक दीर्घा में बैठे समाजजन भावविभोर हो गए। भगवान महावीर के जन्मोत्सव में आज महामंत्र ग्रुप, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल मालवीय रोड, प्रतिभा महिला मंडल शंकर नगर, आदिश्वर महिला मंडल डीडीनगर और दिगम्बर जैन महिला मंडल टैगोर नगर की महिलाओं ने टीम बनाकर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस प्रस्तुति में भगवान महावीर के पूर्व जन्मों और आध्यात्मिक यात्रा को दर्शाया गया, जिसमें धर्म और कर्म के सिद्धांत की झलक देखने को मिली।

**रायपुर।** महोत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रेश शाह, महासचिव गोल्डी लूनिया, कोषाध्यक्ष विकास सेठिया, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत बैद और सचिव आनंद जैन ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर चलती रही। महोत्सव समिति, समता युवा संघ तथा अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न विशेष आयोजन किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर आस्था और सेवा भाव से जुड़े।







### रक्तदान शिविर भी लगाया

शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए दादाबाड़ी तीर्थ पहुंची। इस दौरान घोड़, ऊंट के साथ बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे से भगवान महावीर पंचकल्याणक पूजा, महा रक्तदान शिविर और साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन किया गया। दोपहर में वरघोड़ा वापसी पारंपरिक तरीके से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

### श्री मुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में मनाया जन्मोत्सव

कचना, अमलतास रेसीडेंसी स्थित श्रीमुनि सुब्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन संप्रदाय के अंतिम तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक वीर प्रभु महावीर का जन्म कल्याणक बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। भाई सुरेश मोदी के मार्गदर्शन में प्रातः 7.30 बजे श्रीजी को पाण्डुक शीला में विराजित कर जलाभिषेक, वृहत्त शांतिधारा के पश्चाताप देव, शास्त्र एवं गुरु की संगीतमय पूजा सम्पन्न हुई। तत्पश्चात श्री महावीर विधान किया गया। यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी। प्रतिदिन होने वाले स्वाध्याय के दौरान भाई सुरेश मोदी ने कहा कि महावीर जयंती का वास्तविक अर्थ केवल शोभायात्राएं, उत्सव या औपचारिक अनुष्ठान नहीं है। यह दिन आत्म समीक्षा और आत्म परिवर्तन का अवसर है। हमें स्वयं अपने आप से पूछना चाहिए कि क्या हम अपने जीवन में सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को स्थान दे पा रहे हैं? यदि नहीं, तो महावीर जयंती का उत्सव अधूरा रह जाएगा।

# गर्मी में बदली गार्डन में वार्मअप-खेलकूद की टाइमिंग सुबह की जगह शाम को पहुंच रहे बच्चे और बड़े

**रायपुर।** गर्मी का मौसम आते ही शहर के गार्डनों में शाम के समय बच्चों-बड़ों की चहल-पहल बढ़ गई है। सुबह के समय बड़े व बच्चे ऑफिस, स्कूल, कोचिंग क्लासेस, घर के कामकाज में व्यस्तता के चलते शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने से चुक जाते हैं। वहीं, गर्मी में सुबह जल्दी से तापमान भी चढ़ जाता है। ऐसे में शाम के समय बच्चे और बड़े शाम 5.30 से रात 8 बजे तक लगभग फ्री टाइम का गार्डन में खेल-कूद, वॉक, वार्मअप में बिताना पसंद कर रहे हैं। नगर के गार्डनों में कलेक्टोरेट परिसर के पास आक्सीजोन, प्रेस क्लब के पास मोतीबाग गार्डन, राजभवन के पीछे गांधी उद्यान, आयुर्वेद कॉलेज के पास अनुपम गार्डन में बड़ी संख्या में शाम होते ही बच्चे व बड़े-बुजुर्गों की भीड़ दिखने को मिल रही है। इन गार्डनों के प्राकृतिक वातावरण में लोग ओपन जिम, एक्सरसाइज, झूले और पेड़-पौधों के बीच दिन भर के थकान और तनाव को दूर भगा रहे हैं।



### झूले और फिसलपट्टी को खूब एंजॉय कर रहे बच्चे

गार्डन में छोटे-बड़े बच्चे झूले, फिसलपट्टी जैसे खेल-कूद के एक्यूपमेंट को एंजॉय करते नजर आ रहे हैं। शाम को बच्चों को लेकर पैरेंट्स बड़ी संख्या में गार्डन पहुंच रहे हैं। शहर के लगभग सभी गार्डनों में शाम के समय रोजाना खेल-कूद कर बच्चे खूब एंजॉय कर रहे हैं। छोटे बच्चे झूले, फिसलपट्टी का मजा ले रहे हैं। वहीं, बड़े बच्चे वालीबॉल, बैडमिंटन जैसे स्पोर्ट्स खेल कर खुद को सेहतमंद व हुनरमंद बना रहे हैं। इस तरह से गार्डन बच्चों के लिए गर्मियों के दिनों में फिटनेस और इंटरटेनमेंट का केंद्र बना हुआ है। बच्चों के साथ-साथ पैरेट्स भी वॉक और ओपन जिम में हल्का-फुल्का फिजिकल एक्सरसाइज कर खुद को फिट बना रहे हैं। वहीं, युवा व बुजुर्ग गार्डन के वॉकिंग ट्रैक पर चहलकदमी कर चुस्त-दुरुस्त बन रहे। साथ ही योगासन और ओपन जिम के माध्यम से वार्मअप कर रहे हैं।

### शाम का वार्मअप काम के तनाव को कम करने में मददगार

योगाचार्य डॉ. मेघा श्रीवास्तव के कहना है कि शाम का वार्मअप काम के तनाव को कम करने और दिन



भर की थकान को दूर करने का एक बेहतरीन तरीका है। शाम को जोड़ों में अकड़न कम होती है, जो स्ट्रेचिंग और वार्मअप को आसान बनाता है। शाम का वर्कआउट और वार्मअप रात में बेहतर रिकवरी में मदद करता है। शाम को वार्मअप और वर्कआउट करना मांसपेशियों के लचीलेपन, जोड़ों की गतिशीलता और शरीर के उच्च तापमान के कारण अधिक फायदेमंद होता है, जिससे चोट का खतरा कम हो जाता है। इस गर्मी के मौसम के लिए भूजंगआसन, ताड़आसन, वृक्षआसन, शीतली व शीतकारी प्राणायाम तन-मन के लिए लाभकारी होता है।

# प्रेस क्लब की महिला सदस्यों ने पर्यटन स्थल सतरेंगा की खूबसूरती का किया दीदार



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब की एक सराहनीय पहल के तहत 28 मार्च को राजधानी की महिला पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय कोरबा जिले के भ्रमण पर पहुंचा। कोरबा जश्न रिसॉर्ट में रायपुर की महिला पत्रकारों का स्वागत किया गया। इस विशेष यात्रा का उद्देश्य महिला पत्रकारों को उनकी व्यस्त दिनचर्या से थोड़ी राहत देते हुए उन्हें प्रकृति के बीच सकारात्मक, सुकूनभरा और प्रेरणादायक समय देना है। महिला पत्रकारों के इस टूर का नेतृत्व संयुक्त सचिव निवेदिता साहू ने किया। महिला पत्रकारों ने कहा कि यह यात्रा केवल मनोरंजन के नहीं, बल्कि आपसी संवाद और अनुभवों को साझा करने के लिए अच्छा मौका रहा।

### सर्वमंगला देवी का दर्शन

पहले दिन महिला पत्रकारों की टीम ने कोरबा स्थित सर्वमंगला मंदिर का दर्शन किया और उनके इतिहास के बारे में चर्चा की। कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण रानी धनराज कुंवर के पूर्वजों ने कराया था। सर्वमंगला मंदिर पुरातात्विक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है। कहते हैं कि ब्रिटिश शासन के दौरान कोरबा पर शासन करने वाली रानी धनराज कुंवर के पूर्वजों ने इस मंदिर को बनवाया था। एक कहानी यह भी है कि यह मंदिर हसदेव नदी के तट पर स्थित है। यहीं से एक सुरंग नदी के उस पार निकलती है। आपात परिस्थितियों में रानी इस सुरंग के जरिए नदी पार करती थी। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लखनलाल देवांगन ने पत्रकारों से मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

**2 अप्रैल को मंदिर-देवालयों में भक्तिपूर्ण आयोजन, भंडारा प्रसाद भी करेंगे वितरित**

# हनुमान जयंती पर आकर्षक झांकियां, शोभायात्रा भजन संध्या भी, प्राचीन मंदिरों में विशेष तैयारियां

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** नगर के हनुमान मंदिरों में 2 अप्रैल को हनुमान जयंती को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिरों में साज-सज्जा जोर-शोर से चल रही है। हनुमान जयंती को लेकर हनुमान भक्तों में उत्साह का महौल है। इस दिन हनुमान मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। आयोजन को लेकर हनुमान मंदिरों की समितियों व पुजारियों ने बताया कि श्री हनुमान जयंती पर मंदिरों में अभिषेक, चोला श्रृंगार, भव्य महाआरती, सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिरों में सुबह हनुमानजी का विशेष पंचामृत अभिषेक और चोला श्रृंगार होगा। वहीं दोपहर में महाआरती के बाद भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम को आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा और भजन संध्या के आयोजन होंगे। इन मंदिरों में प्रमुख रूप से पुरानी बस्ती स्थित बावली वाले हनुमान मंदिर, तात्यापारा स्थित हनुमान मंदिर और गुढ़ियारी पड़ाव के स्वयंभू मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी, जहां विशेष सजावट की जा रही है। वहीं रेलवे स्टेशन स्थित संकटमोचन मंदिर में भव्य आतिशबाजी, श्रृंगार और महाआरती के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दूधाधारी मठ हनुमान मंदिर भी एक प्रमुख प्राचीन स्थल है, यहां भी जयंती को लेकर तैयारियां हो रही हैं। इसके अलावा शहरभर के हनुमान मंदिरों में भक्त दर्शन-पूजा के लिए बड़ी संख्या में जुटेंगे।



### समिति सदस्यों को सौंपी जिम्मेदारी

इस दिन सुबह से ही भक्तों का पूजन व दर्शन के लिए तांता लगेगा। ऐसे में मंदिर पहुंचने वाले भक्त दर्शन व पूजा और प्रसादी व्यवस्थित तौर पर प्राप्त कर सकें, इसे लेकर सभी मंदिर प्रबंधन ने समिति के सदस्यों को पूजा, शोभायात्रा और विशेष अनुष्ठान के संबंध में अलग-अलग जिम्मेदारियां दी हैं।

### मंदिरों में रोशनी और खास सजावट

श्रीहनुमान जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसके लिए शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट, साफ-सफाई और भंडारे की तैयारियां की जा रही हैं। जयंती पर पूरे मंदिर प्रांगण में विशेष रोशनी के इंतजाम हैं।



### 400 साल से लेकर 1100 साल तक के प्राचीन मंदिरों में विशेष आयोजन

बता दें कि पुरानी बस्ती का ऐतिहासिक कल्चुरी कालीन मंदिर है, जहां हनुमानजी की स्वयंभू प्रतिमा है। यहां विशेष अभिषेक और पूजन किया जाएगा। वहीं तात्यापारा हनुमान मंदिर 1100 साल पुराना है, जहां मराठाकाल की प्रतिमा स्थापित है। वहीं गुढ़ियारी पड़ाव हनुमान मंदिर 400 साल प्राचीन है। यहां शाम 6 बजे से भव्य भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं रेलवे स्टेशन परिसर में संकटमोचन मंदिर में भव्य आतिशबाजी, श्रृंगार और महाआरती के साथ जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दूधाधारी मठ हनुमान मंदिर भी एक प्रमुख प्राचीन स्थल है, यहां भी जयंती को लेकर तैयारियां हो रही हैं।

### गुढ़ियारी हनुमान मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा



गुढ़ियारी पड़ाव हनुमान मंदिर से सुबह 8 बजे भव्य शोभायात्रा निकलेगी। वहीं सुबह 10.30 बजे अभिषेक, दोपहर 12 बजे महाआरती और शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य विकास सेठिया ने देते हुए बताया कि जयंती को लेकर भक्तों में बेहद उत्साह है।

### श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ

स्वामी विवेकानंद आश्रम के सामने रामकुंड स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जय बाबा पंचानन शिव परिवार द्वारा 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से अखंड रामायण पाठ, 2 अप्रैल को शाम 4 बजे हनुमानजी का जन्मोत्सव व हवन एवं 3 को शाम 4 बजे भव्य भोग भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी आचार्य वेदप्रकाश पांडेय ने सभी भक्तजनों को आयोजन में आमंत्रित किया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप में उत्कर्ष और प्रतीक की शानदार पारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 21 फरवरी से जारी है। प्रतियोगिता का चार दिवसीय फाइनल मैच 29 मार्च से खेला जा रहा है। तीसरे दिन सिविक सेंटर स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में हुए फाइनल मैच में रायपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू आमने-सामने रहे। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 95.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 383 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने शानदार 140 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रतीक यादव ने 62 रन तथा शाश्वत शारदा ने 39 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से गगनदीप सिंह ने 4 विकेट तथा आयुश सिंह ठाकुर ने 3 विकेट लिए। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 74 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 225 रन बनाये। रायपुर की ओर से किवनूर सिंह ने 52 रन, आयुश पांडे ने 49 रन तथा ऋषि शर्मा ने 35 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 5 विकेट तथा मो. सुहैल तथा ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 52 ओवरों में 8 विकेट खोकर 176 रन बना लिये है। रायपुर ब्लू की ओर से प्रतीक यादव ने 95 रन बनाये। उनके अतिरिक्त सुमित रुइकर ने 31 रन तथा शाश्वत शारदा ने 24 रन बनाये। रायपुर की ओर से वरुण सिंह भुई ने 4 विकेट तथा गौरव चतुर्वेदी ने 3 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर ब्लू 334 रनों से आगे है। इस फाइनल मैच के अंपायर मोहम्मद दाऊद अंसारी एवं सुनील कुमार डड़सेना स्कोरर बीसीसीआई के मनोज तिवारी चयनकर्ता राजेश सिंह परिहार, मोहम्मद तसलीम एवं साई कुमार है।

### संयुक्त टीम ने जीता फ्रेंड्स कप



**भिलाई।** बीएसपी फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित फ्रेंड्स कप प्रो सॉफ्टबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच यू आर एम एवं टीएन डी की संयुक्त टीम और सीआईएसएफ के बीच हुआ। जिसमें संयुक्त टीम ने सीआईएसएफ की टीम को पांच विकेट से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच मुकेश सिंह रहे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में हुई प्रतियोगिता में टॉस यू आर एम एवं टीएनडी की संयुक्त टीम ने जीता एवं पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी में सीआईएसएफ की टीम ने 111 रन बनाएं। संदीप तिवारी ने 74 रन, तेजा ने 8 रन एवं अविनाश राठौर ने नॉट आउट सात रन बनाएं। गेंदबाजी में विमल, वीरेंद्र एवं दीपक खिचरिया ने दो-दो विकेट लिए। जयप्रकाश आर्य एवं भीम मीणा ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में यूआरएम एवं टीएनडी की संयुक्त टीम ने 5 विकेट पर 112 रन बनाकर फाइनल मैच 5 विकेट से जीत लिया। दीपक खिचरिया 33 रन बनाएं। वीरेंद्र ने नॉट आउट 24 रन और चंदन ने 21 रन बनाए। वहीं मुकेश सिंह ने नॉट आउट 19 रन बनाए। गेंदबाजी में तापस भंवरी ने दो विकेट एवं संदीप तिवारी, शिवा एवं तेजा ने एक-एक विकेट लिए। इस प्रतियोगिता के बेस्ट बैट्समैन संदीप तिवारी, बेस्ट बॉलर तापस बोहरी एवं प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट संदीप तिवारी रहे। फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित कुमार सिंह एवं सुग्रीव राव थे। जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अंपायर हरिशंकर यादव एवं विकास नेहरा, स्कोरर अनिल सिंह एवं मोहन तथा कमेंटेटर अभय सुधाकर मोहरिल थे। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का संचालन विनोद देवघरे ने किया।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** आगरा में 2 से 4 अप्रैल तक होने जा रही नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन एम के तत्वाधान में राज्य की टीम हिस्सा लेगी। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, बस्तर और सरगुजा से कुल 52 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रोटीन से जुड़े जोखिमों के बारे में जानना जरूरी

# प्रोटीन की कमी से भी हो सकता है बीमारियों का खतरा, शरीर में इसका संतुलन बनाए रखना आज बड़ी चुनौती

शरीर के फिटनेस और बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करते रहने की सलाह दी जाती है। दैनिक रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करके आप शरीर के लिए जरूरी तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। प्रोटीन ऐसा ही एक अतिआवश्यक तत्व है जो न सिर्फ मांसपेशियों के निर्माण और इसकी मजबूती में सहायक है, साथ ही ये कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में लाभकारी हो सकता है। शाकाहारी और प्लांट बेस्ड कई चीजों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन की मौजूदगी होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रोटीन हमारी मांसपेशियों, त्वचा, एंजाइम और हार्मोन का निर्माण खंड है और यह शरीर के सभी ऊतकों में भी आवश्यक भूमिका निभाता है। अगर आपके आहार में पर्याप्त प्रोटीन नहीं है तो आप मांसपेशियों में दर्द-कमी, कमजोरी जैसी समस्याओं के शिकार हो सकते हैं।

क्या आप जानते हैं कि प्रोटीन की कमी यदि लंबे समय तक बनी रहती है तो इसके कारण आप कुछ गंभीर बीमारियों के भी शिकार हो सकते हैं?

### कितनी प्रोटीन है जरूरी?

अध्ययनकर्ता बताते हैं, वयस्कों को प्रतिदिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम 0.8 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है।



उदाहरण के लिए, जिस व्यक्ति का वजन 75 किलोग्राम है, उसे प्रतिदिन 60 ग्राम प्रोटीन का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन की कमी की स्थिति में शरीर की संरचना में बदलाव होने लग जाता है। अगर इसमें सुधार नहीं होता है तो ये लिवर की बीमारी, हड्डियों की समस्या और बच्चों के विकास को भी प्रभावित कर सकती है।

### बच्चों का विकास हो सकता है प्रभावित

प्रोटीन न केवल मांसपेशियों-हड्डियों के निर्माण और मजबूती के लिए आवश्यक है, साथ ही ये शरीर के विकास को भी बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। प्रोटीन की कमी या अपर्याप्तता बच्चों के लिए कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के साथ उनके सामान्य विकास को भी प्रभावित करने वालr हो सकतr है।



प्रोटीन की कमी से बच्चों के मस्तिष्क का विकास भी प्रभावित हो सकता है, आहार में इसकी मात्रा जरूर सुनिश्चित करें।

### संक्रमण और इसके गंभीर रूप लेने का खतरा

प्रोटीन की कमी का असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर भी पड़ सकता है। गंभीर स्थितियों में इसकी कमी के कारण संक्रमण का जोखिम और इसके गंभीर रूप लेने का भी खतरा हो सकता है। पशुओं पर किए गए एक अध्ययन से



पता चलता है कि केवल 2% प्रोटीन वाले आहार की तुलना में 18% प्रोटीन लेने वाले वाले पशुओं में संक्रामक रोग होने का जोखिम अधिक होता है।

महिलाओं पर किए गए एक छोटे अध्ययन से पता चला है कि नौ सप्ताह तक लो प्रोटीन वाला आहार लेने से उनकी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया काफी कम हो गई।

### फैटी लिवर का हो सकता है खतरा

शरीर में प्रोटीन की कमी होने का असर लिवर की सेहत को भी प्रभावित करने वाला हो सकता है। ये आपमें फैटी लिवर की समस्या का कारण बन सकती है। फैटी लिवर, यकृत में वसा जमने के कारण होने वाली बीमारी है। उपचार न होने की स्थिति में फैटी लीवर रोग लिवर में सूजन, सिरोसिस और गंभीर स्थितियों में लिवर फेलियर का भी खतरा बढ़ा देती है।



## शरीर से टॉक्सिन्स निकालने के ये तरीके आजमाएं, एक्सपर्ट की भी जानिए राय

शरीर में टॉक्सिन्स होने के कारण हम कई बीमारियों से जूझते हैं। इन टॉक्सिन्स को निकालना बहुत आवश्यक है। आइए एक्सपर्ट से जानें शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का प्रभावी तरीका। आज हमारी जीवनशैली ऐसी हो ली है कि हम अपने पर्यावरण और आहार के माध्यम से लगातार तरह-तरह के विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आते हैं। ये विषाक्त पदार्थ समय के साथ हमारे शरीर में जमा होने लगते हैं। विषाक्त पदार्थों के सामान्य स्त्रोतों में पॉल्यूटेंट्स, कीटनाशक, सिंथेटिक रसायन और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में शामिल एडिटिव्स हैं। जब ये हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं, तो वे हमारे अंगों और ऊतकों में जमा हो सकते हैं, जिससे सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और सेलुलर डैमेज हो सकता है।

गलत खाने का प्रभाव हमारे शरीर पर बहुत ज्यादा पड़ता है। इसके कारण थकान और कई ऑटो इम्यून बीमारियां हो सकती हैं। इतना ही नहीं, शरीर में टॉक्सिन्स यदि काफी समय तक रहें, तो अन्य गंभीर स्थितियां और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि हमारे शरीर से ये टॉक्सिन्स समय-समय पर बाहर निकलें।

हालांकि, हमारे शरीर में मुख्य रूप से लिवर, गुर्दे, त्वचा, फेफड़े और पाचन तंत्र के माध्यम से विषाक्त पदार्थों बाहर निकाला जा सकता है। ये अंग शरीर को डिटॉक्सीफाई करने और आंतरिक संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम करते हैं। मगर कई बार, हमारे शरीर की डिटॉक्सिफिकेशन की क्षमता खत्म हो जाती है, तो विषाक्त पदार्थ फैट सेल और अन्य ऊतकों में जमा हो सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। जानी-मानी न्यूट्रिशनिस्ट अंजली मुखर्जी ने शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का तरीका बताया है। आइए उनसे इसके बारे में विस्तार से जानें।

## घर पर बना रहे हैं मोमोज तो आटा तैयार करते वक्त करें ये काम

जब भी आप मोमोज घर पर बनाते हैं तो इसका आटा सही तरह से नहीं गूंथ पाता? क्या आटा जरूरत से ज्यादा पतला हो जाता है? अगर हां, तो इस लेख में बताए गए टिप्स आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

मोमोज का नाम लिया जाए और मुंह में पानी ना आए ऐसा हो ही सकता। मोमोज है ही ऐसी चीज, जिसकी एक नहीं बल्कि दर्जनों वैरायटीज मौजूद हैं। हालांकि, इस पॉपुलर फूड को पहले नेपाल में ही खाया जाता था, लेकिन अब पूरे भारत में पसंद किए जाने लगे हैं। शाम को लोगों को दिन में एक बार मोमोज चाहिए ही होते हैं।

अगर आप भी स्नैक्स में कुछ लाइट खाना चाहते हैं, तो मोमोज को ट्राई कर सकते हैं। मगर कई लोग इसे खाने से बचते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि बाहर के मोमोज बहुत ही अनहेल्दी होते हैं। ऐसे में आप घर पर मोमोज बना सकते हैं, घर के मोमोज न सिर्फ हेल्दी होते हैं बल्कि इन्हें बनाने के लिए हेल्दी चीजों का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।


मगर घर पर मोमोज बनाते वक्त स्वाद कई तरह की दिक्कतें सामने आती हैं जैसे- घर पर मोमोज का आटा सही तरह से नहीं गूंथ पाता। कभी मोमोज की स्टाफिंग सही तरह से नहीं बन पाती। अगर आपके साथ भी ऐसा ही होता है, तो यह लेख आपके लिए मददगार साबित हो सकता है। तो देर किस बात की आइए विस्तार से जानते हैं, मोमोज का आटा गूंथते वक्त किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**मैदा में आटा जरूर मिलाएं :** परफेक्ट मोमोज बनाने के लिए जरूरी है मैदा में गेहूं का आटा मिलाना, क्योंकि अगर आप सिर्फ मैदा इस्तेमाल करेंगे तो कुछ देर बाद मोमोज सख्त हो जाएंगे। इसलिए बेहतर है कि आप मोमोज का आटा गूंथते वक्त थोड़ा-सा गेहूं का आटा मिला लें। गेहूं का आटा ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना है, क्योंकि अगर आप आटे का ज्यादा इस्तेमाल करेंगे तो मोमोज का स्वाद बेकार हो जाएगा। आप 1 कप मैदे के साथ एक चौथाई कप गेहूं का आटा इस्तेमाल कर सकते हैं।

यह सुनने में आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन यह सच है कि आटे को सॉफ्ट और मलाईदार बनाने के लिए सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसको लेकर शेफ रणवीर का कहना है कि आटे को सॉफ्ट बनाने के लिए खट्टापन जरूरी है।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रिहाना फायरिंग मामले में नया मोड़ आरोपी ने कोर्ट ने दिया बड़ा बयान



हॉलीवुड सिंगर रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के पास कुछ दिन पहले एक एक महिला ने 10 गो लि यां चलाई थीं। इस महिला पर कोर्ट में केस चल रहा है। हाल ही में इस मामले पर आरोपी महिला ने अपना पक्ष रखा है। जानिए, रिहाना के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में क्या नया अपडेट आया है।

जिस महिला पर सिंगर रिहाना के घर पर गोली चलाने का आरोप लगा था, उसने कोर्ट में खुद को बेकसूर बताया है। पीपल मैगजीन के मुताबिक आरोपी महिला बुधवार को लॉस एंजिल्स की एक कोर्ट में पेश हुई। उसने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया।

बता दें कि इसी महीने की शुरुआत में रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर पर गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें आरोप महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी महिला पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं, इनमें हत्या की कोशिश, सेमी-ऑटोमैटिक हथियार से कई बार हमला करना और किसी रिहायशी इमारत पर गोली चलाना शामिल है। इस महिला को फिलहाल पुलिस हिरासत में रखा गया है। अगर वह दोषी पाई जाती है, तो उसे उम्रकैद की सजा हो सकती है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी महिला ने कथित तौर पर 8 मार्च को सिंगर रिहाना के घर के पास सेमी-ऑटोमैटिक राइफल से गोली चलाई। घटना के समय रिहाना, उनके पार्टनर और बच्चे घर के अंदर ही थे।

### टॉलीवुड

## विजय-तृषा को साथ में देखकर एक्टर समुथिरकानी को हुआ दर्द



एक्टर समुथिरकानी ने अपने उस वायरल वीडियो के बारे में बात की है, जिसमें उन्होंने विजय-तृषा के साथ दिखने पर उनकी आलोचना की थी। एक्टर-फिल्ममेकर समुथिरकानी ने तृषा और विजय के बारे में दिए गए अपने बयान के बारे में बात की है। वह हाल ही में हैदराबाद में अपनी अपकमिंग फिल्म 'कारमेनी सेल्वम' के प्रमोशन के लिए आए थे। उनसे एक वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने तृषा कृष्णन के साथ विजय के पब्लिक अपीयरेंस पर आलोचना की थी। समुथिरकानी ने बताया कि उन्हें पता था कि उनकी बातें रिकॉर्ड की जा रही हैं और वे अपने बयानों पर कायम हैं।

प्रेस मीट के आखिर में समुथिरकानी ने अपने वायरल वीडियो के बारे में कहा 'हां, मैंने अपना दर्द बयां किया। मेरे दर्द की वजह से जो कुछ भी मेरे मन में आया, मैंने कह दिया। मुझे पता था कि मेरी बातें रिकॉर्ड हो रही हैं। बदकिस्मती से, उस भाई ने बातचीत की शुरुआत में मैंने जो कहा, वह रिकॉर्ड नहीं किया। उसने सिर्फ आखिर का हिस्सा रिकॉर्ड किया। लेकिन मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए अपनी बात कहना बंद कर दे कि उसकी बातें रिकॉर्ड हो रही हैं। मैंने जो कहना था, कह दिया।'

समुथिरकानी ने आगे कहा 'मैंने वही कहा जो मेरे मन में था। मैं उन पहले लोगों में से था जिन्होंने उनका समर्थन किया था। इसी बात से मुझे दुख हुआ। और उसी दर्द को मैंने जाहिर किया।' आपको बता दें कि फरवरी में, यह खबर आई थी कि विजय की पत्नी, संगीता सोर्नालिंगम ने बेवफाई का आरोप लगाते हुए तलाक के लिए अर्जी दी। उन्होंने विजय पर एक अनजान एक्ट्रेस के साथ अफेयर होने का आरोप लगाया।

### भोजपुरी

## आकांक्षा के नए गाने के रिलीज होते ही मिले 1.5 मिलियन व्यूज



आकांक्षा पुरी का नया गाना 'कमर पे तोरा हाथ बा' रिलीज हो चुका है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू के साथ उनकी जोड़ी खूब जमी है। इस गाने के रिलीज होने के साथ ही अब तक 1.5 मिलियन से अधिक व्यूज हो चुके हैं।

अरविंद अकेला कल्लू और आकांक्षा पुरी का नया तड़कता भड़कता भोजपुरी गाना रिलीज हो चुका है। इस गाने के बोल हैं 'कमर पे तोरा हाथ बा' जिसे रिलीज होते ही 1.5 मिलियन से अधिक व्यूज़ मिल चुके हैं। अकांक्षा पुरी औरविंद ने गाने का टीजर सोशल मीडिया पर 26 मार्च को शेयर किया था और इसके बाद से फैन्स इस गाने की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस गाने में जहां अरविंद के साथ अकांक्षा पुरी की जोड़ी ने धूम मचा दी है वहीं आवाज भी इसे अरविंद अकेला कल्लू ने ही दी है। अकांक्षा की आवाज बनी हैं शिवानी सिंह। इस वीडियो में अकांक्षा का लुक काफी किलर और ग्लैमरस दिख रहा है। दोनों की केमिस्ट्री शानदार दिख रही है और लोगों को काफी पसंद आ रही है। गाने में अकांक्षा पुरी अरविंद के सामने ये कहती दिख रही हैं कि उन्हें यहां डांस करने में डर लग रहा है क्योंकि वहां मौजूद लोग उनके फिगर को देखकर पगला गए हैं। और फिर अरविंद उनसे कहते हैं कि डरने की बात नहीं क्योंकि तुम्हारे कमर पर मेरा हाथ है। दोनों के एक्सप्रेशन और स्क्रीन प्रेजेंस लोगों को पसंद आ रहे हैं। गाने के हर फ्रेम में अकांक्षा पुरी ने अपनी एनर्जी खूब दिखाई है जिसमें रोमांस का भी तड़का दिख रहा है। इस गाने में पर्दे के पीछे काम करने वाले कलाकारों की बात करें तो इसमें कई नाम हैं।

### फैशन का असर

लाइफ स्टाइल



"तेज़ी से बढ़ते फ़ैशन उद्योग के कारण डिजाइनर कपड़ों की खपत में ज़बरदस्त बढ़ोतरी हुई है। खपत का यह तरीका मुख्य रूप से नए ट्रेंड्स के तेज़ी से आने, ग्राहकों के ट्रेंड्स के पीछे भागने के रवैये और फ़ास्ट फ़ैशन बेचने वालों द्वारा कपड़ों की कम कीमतों के कारण बढ़ रहा है। हालाँकि, कपड़ा बनाने के काम से पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को ज़्यादातर नज़रअंदाज़ किया गया है।

## पार्टी में जाने के लिए अगर ऐसे होंगे तैयार तो पलट कर देखेगा हर कोई

जब भी किसी पार्टी में जाना होता है तो लड़कियां इसकी तैयारी कई दिन पहले से शुरू कर देती हैं। चाहे लड़कियों का आउटफिट हो या ज्वेलरी, सब कुछ एकदम खास ही होता है। ज्वेलरी और आउटफिट के साथ लड़कियां पार्टी में दमकती त्वचा के लिए कई दिन पहले से स्किन केयर भी करती हैं। इससे उनकी त्वचा खिली-खिली रहती है।

वहीं अगर बात करें लड़कों की, तो लड़कों को लगता है कि वो बस अच्छे कपड़े पहनकर और सही से हेयर स्टाइल बनाकर अगर पार्टी में जाएंगे, तो हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है।

पार्टी में जाने के लिए सिर्फ कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल अच्छा होना काफी नहीं है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पार्टी में जाने से पहले आपको भी कुछ टिप्स अपनाने चाहिए, ताकि वहां हर कोई आपको ही पलट-पलट कर देखे। अपने बदले हुए लुक से आप लोगों का दिल भी जीत सकते हैं।

### कराएं हेयर कट

पार्टी में जाने से करीब तीन से चार दिन पहले हेयर कट लें। ध्यान रखें कि इस दौरान कोई एक्सपेरिमेंट करने से बचें। अपने बाल सही से सेट कराकर इसे ऐसे ही रहने दें। ताकि पार्टी के दिन आपका लुक परफेक्ट दिखे।

### ग्रूमिंग गाइड

स्किन को करें एक्सफोलिएट

पार्टी में जाने से एक दिन पहने अपनी त्वचा को सही तरह से एक्सफोलिएट जरूर करें। इसकी वजह से त्वचा की डेड स्किन निकल



जाती है, जिसके बाद चेहरा ग्लो करने लगता है।

### मॉइश्चराइजर है जरूरी

तैयार होने से पहले त्वचा पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपकी त्वचा रूखी लगेगी।

### पार्टी वाले दिन करें शीट मास्क का इस्तेमाल

जिस दिन पार्टी हो, उसी दिन पार्टी के कुछ घंटे पहले शीट मास्क का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपके चेहरे की थकान कम दिखेगी और आपका चेहरा ग्लो करेगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन







हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

आज के समय में लोगों की सोच काफी बदल गई है। ऐसे में ज्यादातर घरों में दुल्हन के कपड़ों को लेकर कोई आपत्ति नहीं होती। इसी के चलते रिसेप्शन में नई दुल्हनें अपना ग्लैमरस अंदाज भी दिखाना चाहती हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जो रिसेप्शन के कार्यक्रम में ग्लैमरस गाउन पहनना चाहती हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प दिखाने जा रहे हैं।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।

### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

## बालों में लगाती हैं गर्म तेल तो पहले जान लें इसका असर



बालों की देखभाल करने के लिए आपको सबसे पहले हेयर एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए और फिर ही किसी भी रूटीन को फॉलो करना चाहिए। खूबसूरत और घने बाल पाने के लिए रोजाना हेयर केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई सारे बड़े-बड़े ब्रांड्स के हेयर केयर प्रोडक्ट्स आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन बालों की देखभाल करने के लिए मौसम का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। सर्दी के मौसम में अक्सर हम बालों को मॉइस्चराइज करने के लिए हेयर ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं हम कई बार बालों में तेल लगाने से पहले इसे गर्म करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बालों में तेल को गर्म करके लगाने के कई सारे नुकसान भी होते हैं। अगर नहीं तो आइये जानते हैं बालों में गर्म तेल को लगाने के नुकसान क्या हैं-

### गर्म तेल लगाने से क्या होता है?

स्कैल्प में तेल को गर्म करके लगाने से डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि गर्म तेल स्किन ड्राईनेस बढ़ा देता है, जिसके कारण बालों और स्कैल्प में डैंड्रफ की समस्या अधिक हो जाती है। हालांकि गर्म करके तेल को बालों में लगाने से आपको काफी रिलैक्स महसूस हो सकता है।

### तेल को गर्म करके लगाने से बालों को क्या होता है?

तेल को हल्का गुनगुना करना तो ठीक है, लेकिन अगर आप बालों में तेल को ज्यादा गर्म करके लगा रही हैं तो यह हेयर ड्राईनेस को बढ़ा देगा। हेयर ड्राईनेस बढ़ने के कारण बालों की खूबसूरती फीकी नजर आएगी तथा इससे बालों की चमक भी खो सकती है।

## लिपस्टिक को फ्रिज में रखने का नियम जान लें

होंठों पर लगी लिपस्टिक को लॉन्ग-लास्टिंग बनाने के लिए आपको रोजाना लिप केयर रूटीन को फॉलो करना चाहिए। मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं।

ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं?

तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखने से क्या होता है और यह कितना सही है। साथ ही, बताएंगे लिपस्टिक से जुड़े कुछ अमेजिंग हैक्स-

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं और सभी टेक्सचर को हम फ्रिज में नहीं रख सकते हैं। अक्सर गर्मी के मौसम में हम ज्यादातर क्रेयॉन या वैक्स लिपस्टिक को पिघलने से बचाने के लिए फ्रिज में रखना पसंद करते हैं। इसके अलावा लिप्स को गर्मी के मौसम में ठंडक देने के लिए भी लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है।

किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए? मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन



और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं।

### किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए?

ज्यादातर लिपस्टिक में ग्लॉस और मैट फिनिश को पसंद किया जाता है। ऐसे में हमें केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को ही फ्रिज में रखना चाहिए। गलती से भी आपको फ्रिज में मैट फिनिश लिपस्टिक को नहीं रखना चाहिए।

### कार्नर न्यूज

### अपने नाखून की देखभाल कीजिए जरूरी उपायों के साथ

## सिर्फ चेहरे पर ही नहीं पैरों पर भी दीजिए ध्यान, आसान नुस्खे पैरों के नाखून को बनाएंगे मजबूत

हम अपने चेहरे और हाथों की त्वचा का जितना ध्याऔन रखते हैं, उतना ध्याकन हम अपने पैरों का नहीं रख पाते हैं। खासतौर पर पैरों के नाखूनों को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में यह रूखे, खुरदुरे और बेजान से नजर आते हैं। यदि इनकी ठीक से देखभाल न की जाए, तो यह न केवल खराब हो जाते हैं बल्कि इनमें इंफेक्श न भी हो जाता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि पैरों के नाखूनों की ठीक से साफ-सफाई की जाए। आज हम आपको पैरों के नाखूनों मजबूत और खूबसूरत बनाने का बहुत ही आसान तरीका बताएंगे।

### अपने नाखूनों को साफ करें

सबसे पहले आपको एक अच्छेक ब्रांड के नेल पेंट रिमूवर का इस्तोमाल करके नाखूनों को साफ करना चाहिए। इसके अलावा कोई भी अन्ये चीज का इस्तेमाल करके आपको नेल पेंट नहीं रिमूव करना चाहिए। इससे आपके नाखून खुरदुरे और ड्राई हो जाते हैं।

### पैरों को पानी में सोक करें



एक छोटी और गहरी तस्त री लें और उसमें पानी भर लें। पानी में नींबू का रस और एक छोटा चम्म।च बेकिंग सोडा डालें। साथ ही थोड़ा सा नमक भी डाल लें। इसके बाद आप इस मिश्रण में अपने पैरों के नाखूनों को 5 से 10 मिनट के लिए डिप कर लें। इससे नाखूनों में जमी मैल फूल जाएगी और उसे निकालने में आसानी होगी। 10 मिनट बाद आपको नेल क्ली।निंग टूल की मदद से नखूनों के अंदर जमी गंदगी को साफ कर लेना चाहिए।

### नाखूनों पर पैक लगाएं

एक बार नाखून साफ हो जाएं, तो आपको उनके ऊपर नेल पैक लगाना चाहिए। बाजार में आपको बहुत सारे अच्छेर ब्रांड्स में नेल पैक मिल जाएंगे, मगर आप इन्हें घर पर भी बना सकती हैं। इसके लिए आप 1 छोटा चम्मेच ओट्स पाउडर लें और उसमें दही मिक्से कर लें। इस मिश्रण को पैरों के नाखूनों पर लगाएं और 15 से 20 मिनट बाद नाखूनों को साफ कर लें। इससे आपके नाखूनों पर शाइन आ जाएगी।

### नाखूनों के आस-पास की डेड स्किन निकालें

नाखूनों के आस-पास जो डेड स्किन होती है, उसे निकालना भी जरूरी होता है। इसके लिए बेस्टड है कि आप डेड स्किन निकालने वाले टूट का इस्तेमाल करें। आपको यह टूट मार्केट में मिल जाएगा। डेड स्किन निकालते वक्त आपको इस बात का विशेष ध्या न रखना चाहिए कि आप डेड स्किन ही रिमूव करें, नहीं तो आपको घाव हो सकता है, जो बहुत ज्यादा पीड़ादायक होता है।

